वर्ष 23, अंक 249, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 3 अक्टूबर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## एक्शन में भारत, अलर्ट मोड पर रहे...



**ईरान**

**विदेश** मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार कहा गया कि हम क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में हालिया वृद्धि पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। भारतीय नागरिकों को ईरान की सभी गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। वर्तमान में ईरान में रहने वालों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें।

ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव के बीच बड़ा अपडेट सामने आया है। भारतीयों के लिए विदेश मंत्रालय की तरफ से एडवाइजरी जारी की गई है। एमईए ने ट्वीट करते हुए भारतीयों को ईरान न जाने की सलाह दी है। इससे पहले इजरायल के लिए भारत ने एडवाइजरी जारी की थी। अब ईरान में जो भारतीय रह रहे हैं उनके लिए भी अलर्ट जारी किया गया है। इस एडवाइजरी में उन्होंने कहा है कि भारतीय दूतावास के संपर्क में आप लगातार रहे। इसी के साथ साथ ईरान में जो भारतीय रहे हैं इस वक्त अलर्ट मोड पर रहे। इसके साथ ही कहा गया है कि जो भारतीय ईरान जाना चाहते हैं वो इस वक्त न जाएं। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार कहा गया कि हम क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में हालिया वृद्धि पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। भारतीय नागरिकों को ईरान की सभी गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। वर्तमान में ईरान में रहने वालों से अनुरोध है कि वे सतर्क रहें और तेहरान में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहें।

इजरायल के लिए भी विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा था कि भारतीय नियमों का पालन करें। सेल्टर में खुद को सुरक्षित रखें। कृपया सावधानी बरतें, देश के भीतर अनावश्यक यात्रा से बचें और सुरक्षा आश्रयों के करीब रहें। दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और हमारे सभी नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इजरायली अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है।

ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि यह हमला इजरायल द्वारा हाल ही में आतंकवादी नेताओं की हत्याओं और लेबनान और गाजा में आक्रामकता के प्रतिशोध में था।

रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि इसकी सेनाओं ने पहली बार हाइपरसोनिक फतह मिसाइलों का इस्तेमाल किया और इसकी 90% मिसाइलों ने इजराइल में अपने लक्ष्यों को सफलतापूर्वक मारा।तेल अवीव में एक सुरक्षा बैठक की शुरूआत में इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल पर ईरान का मिसाइल हमला विफल रहा और जवाबी कार्रवाई की कसम खाई। उन्होंने कहा कि ईरान ने आज रात एक बड़ी गलती की - और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

## स्वच्छ भारत मिशन के 10 साल पूरे, भारतीयों ने इस मिशन को अपना निजी लक्ष्य बना लिया- मोदी

**नई दिल्ली।**

स्वच्छ भारत अभियान सिर्फ साफ सफाई का कार्यक्रम ही नहीं है, इसका दायरा व्यापक रूप से बढ़ रहा है। अब स्वच्छता संपन्नता का नया रास्ता बन रही है। स्वच्छ भारत अभियान से देश में बड़े पैमाने पर रोजगार भी बन रहे हैं। 'स्वच्छता ही सेवा 2024' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "जिस भारत का सपना गांधी जी और देश की महान विभूतियों ने देखा था, वो सपना हम सब मिलकर पूरा करें, आज का दिन




हमें ये प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर आज स्वच्छता से जुड़े करीब 10 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स की भी शुरूआत हुई है। मिशन अमृत के तहत देश के अनेक शहरों में वॉटर और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाए जाएंगे। नमामि गंगे से जुड़ा काम हो या फिर कचरे से बायोगैस पैदा करने वाले गोबरधन प्लांट, ये काम स्वच्छ भारत मिशन को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन जितना सफल होगा, उतना ही हमारा देश ज्यादा चमकेगा। आज से 1 हजार साल बाद भी जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा, तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा।

## राजस्थान के आठ रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**जयपुर।** राजस्थान के आठ रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद सभी स्टेशनों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया, "हनुमानगढ़ के रेलवे अधिकारी को एक अक्टूबर की शाम को एक पत्र मिला था। उपद्रवियों ने पत्र में जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बूंदी, अलवर और उदयपुर रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी। इसके तुरंत बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं।

## डेरा प्रमुख राम रहीम जेल से रिहा, बीस दिन की मिली पैरोल

**रोहतक। दुष्कर्म** जैसे संगीन मामले में जेल की सजा काट रहे डेरा प्रमुख राम रहीम सिंह को पैरोल पर जेल से रिहा कर दिया गया है। राम रहीम को बीस दिन की पैरोल दी गई है।

जेल से रिहा होने के बाद राम रहीम अब यूपी के बरनावा आश्रम में रहेंगे। उन्हें पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच सुनारियां जेल से बाहर लाया गया। सुबह छह बजे से ही जेल के बाहर हलचल बढ़ गई थी और प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत कर दिया था। हालांकि, राम रहीम की पैरोल को लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने इस मामले में चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा था कि इस वक्त राम रहीम को पैरोल देना उचित नहीं है, विधानसभा चुनाव पर इसका असर पड़ सकता है।

इन सबके बीच देर रात हरियाणा सरकार ने राम रहीम की रिहाई के आदेश जारी कर दिए। प्रशासन ने बताया कि जेल मैनुअल के अनुसार, राम रहीम को नियमों के तहत पैरोल दी गई है, जो इस वर्ष की बची हुई पैरोल में से 20 दिन की है।

## अंतरराष्ट्रीय मानवीय प्रयास होना महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।**

गाजा में जो कुछ हुआ है, उसे देखते हुए, वहां किसी तरह के अंतरराष्ट्रीय मानवीय प्रयास होना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम संघर्ष के व्यापक होने की आशंका से बहुत चिंतित हैं।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय युद्ध की संभावना से बहुत चिंतित है। मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी भी देश की प्रतिक्रिया को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए और नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए। ईरान द्वारा इजराइल के खिलाफ मिसाइलों की बौछार



शुरू करने से कुछ घंटे पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में कानेर्गी एंडोमेंट सेंटर फॉर इंटरनेशनल पीस में पश्चिम एशिया में उभरती अस्थिर स्थिति पर बोल रहे थे। एस जयशंकर ने कहा कि हम यह भी मानते हैं कि किसी भी देश द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रतिक्रिया में अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून को ध्यान में रखना होगा।

## हरियाणा में सांसद मनोज तिवारी ने किया बड़ा दावा

**हरियाणा**



**हरियाणा** में 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रसार प्रसार ने तेजी पकड़ ली है. इसी बीच हरियाणा के कालका विधानसभा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार शक्ति रानी शर्मा के समर्थन में चुनाव प्रचार करने के लिए बीजेपी सांसद मनोज तिवारी पहुंचे. इस दौरान उन्होंने जनसभा को संबोधित करते शक्ति रानी को वोट करने की अपील की. वहीं मीडिया से बातचीत के दौरान कांग्रेस पर निशाना भी साधा. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपनी लूट और झूठ की राजनीति के कारण खुद को खत्म कर लिया है.

बीजेपी सांसद ने आगे कहा कि जिस तरह कांग्रेस ने छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश में झूठे वादे किए अब हरियाणा में भी ऐसे ही झूठे वादे कर रहे हैं. कांग्रेस हमेशा देश को जातियों में बांटने की कोशिश करती है. कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमेशा हमारे सशस्त्र बलों का मनोबल गिराते हैं. हर उस प्रयास को जिससे सेना मजबूत होती है उसे वे दबाना चाहते हैं. इसके साथ ही मनोज तिवारी ने हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनने का दावा किया।

## महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला आंदोलन अंग्रेजों के राज को समाप्त करने में रहा सफल: योगी

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी आजादी के महानायक थे। महात्मा गांधी द्वारा राष्ट्र और मानवता के लिए किए गए योगदान के प्रति देश कृतज्ञता ज्ञापित कर रहा है। मान्यता थी कि ब्रिटिश साम्राज्य का सूर्य कभी अस्त नहीं होता था, लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चला आजादी का आंदोलन उनके सूर्य को अस्त करने में सफल रहा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा गांधी की जयंती पर क्षेत्रीय गांधी आश्रम में अपने विचार रखे। यहां उन्होंने चरखा चलाया और भजनों का आनंद लिया। सीएम ने यहां खादी के वस्त्रों की खरीदारी भी की। फिर ऑनलाइन पेमेंट भी किया।



सीएम योगी ने कहा कि स्वदेशी जब तक भारत की आजादी का मंत्र नहीं बना था, तब तक आजादी की लड़ाई एकजुट होकर नहीं दिख रही थी। भारत की आजादी के आंदोलन के साथ महात्मा गांधी का जुड़ना और उसे स्वदेशी के साथ जोड़ने का जो अभियान रहा, इससे आजादी के लिए हर नागरिक के मन में गौरव व स्वावलंबन का भाव जागृत हुआ। खादी उसका प्रतीक बना।

सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छता के प्रति उन अभियानों को ऊंचाई देना है, जिनकी प्रासंगिकता न केवल 100 वर्ष पहले, बल्कि आज भी उसी रूप में बनी है। जिस मिशन को पीएम मोदी ने दस वर्ष पहले प्रारंभ किया था, वह आज भी नई ऊंचाई को प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। देश में 12 करोड़ से अधिक घरों में शौचालयों का निर्माण न केवल स्वच्छता के प्रति उनके आग्रह, बल्कि नारी गरिमा के गौरव को बढ़ाने का अभियान भी है। नारी सशक्तिकरण के बिना समाज को स्वावलंबी नहीं बना सकते। स्वच्छता, नारी सशक्तिकरण, स्वदेशी व स्वावलंबन के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वचनों की प्रासंगिकता आज भी बनी है।

सीएम योगी ने कहा कि जो भी देश शक्तिशाली व सामर्थ्यवान बने हैं, उन्होंने सर्वप्रथम आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त किया। अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, जापान ने अपनी उद्यमिता को बढ़ाया है। वहीं देश में पीएम मोदी का 'वोकल फॉर लोकल' भी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वदेशी अभियान को नई ऊंचाई प्रदान करने का कार्यक्रम है। सीएम योगी ने कहा कि नया भारत महात्मा गांधी के मूल्यों व आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त करते हुए निरंतर बढ़ रहा है।

## निर्मला सीतारमण ने ग्रामीण भारत में ऋण-आधारित खपत में वृद्धि की सराहना की, 'क्रांतिकारी बदलाव' बताया

**नई दिल्ली। केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने छोटे शहरों और कस्बों में ऋण-संचालित खपत में जबरदस्त वृद्धि की सराहना करते हुए इसे एक 'क्रांतिकारी बदलाव' बताया। उन्होंने कहा कि ये सब प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के कारण संभव हुआ है।

टियर 2, 3 और 4 शहरों और यहां तक कि इससे भी आगे के क्षेत्रों में घरेलू खपत में निर्णायक वृद्धि दर्ज की गई है, जिसका प्रमाण छोटे शहरों और कस्बों में दोपहिया



वाहनों, एसी, रेफ्रिजरेटर, स्मार्टफोन और एफएमसीजी की बिक्री में वृद्धि है।

वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, ग्रामीण भारत अब भारत के विकास का निष्क्रिय पर्यवेक्षक (मूक दर्शक) नहीं है, बल्कि वह इसका सक्रिय चालक है। हाल ही में अपनी 10वीं वर्षगांठ मनाने वाली प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिससे करोड़ों ग्रामीण भारतीय पहली बार औपचारिक वित्तीय प्रणाली (फॉर्मल फाइनेंशियल सिस्टम) में शामिल हुए हैं।

वित्त मंत्री ने कहा कि 80 प्रतिशत से ज्यादा भारतीय वयस्कों के पास अब औपचारिक वित्तीय खाते (फॉर्मल फाइनेंशियल अकाउंट) हैं, जो 2011 में केवल 50 प्रतिशत थे। यह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वित्तीय समावेशन के अभियान का परिणाम है, जिसने आधुनिक भारतीय इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन लाया है। रिपोर्ट में जिक्र किया गया है कि ग्रामीण भारत में 62 प्रतिशत दोपहिया वाहन खरीद अब ऋण द्वारा संचालित होते हैं, जो शहरी क्षेत्रों में 58 प्रतिशत से अधिक है।

## सीएम मोहन यादव ने शुरू किया सबकी योजना, सबका विकास अभियान

**भोपाल। भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंगलवार ह्यसबकी योजना, सबका विकासह्ल नामक अभियान का आगाज किया। इस अभियान को पंचायतों के समावेशी विकास के मकसद से देशभर में उतारा जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशभर की पंचायतों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

मुख्यमंत्री ने कहा, पंचायतें हमारे लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे




जमीनी और सशक्त इकाई हैं। ग्राम स्वराज की अवधारणा को जमीन पर उतारने और गांवों के सुनिश्चित विकास में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।"

उन्होंने आगे कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 2 अक्टूबर से देशभर के गांवों में ह्यसबकी योजना, सबका विकासह्ल नामक योजना शुरू की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य देशभर के गांवों को विकास के केंद्र बिंदु में लेकर आना है। उन्होंने आगे कहा, मध्य प्रदेश के प्रत्येक गांव को इस योजना के माध्यम से समग्र विकास का फायदा मिलने वाला है। इसके अंतर्गत देशभर के सभी पंचायतों को अपनी विकास की योजना को तैयार करना है।

## बाढ़ से बिहार का बुरा हाल, बर्बाद और बेहाल!

### दरभंगा से सहरसा तक नए इलाकों में फैला कोसी-गंडक का पानी

**बिहार**

**बिहार** में कुल 38 जिले हैं जहां बीते दो दिनों से 16 लाख से अधिक लोग बाढ़ से जूझ रहे है। बिहार में सब डूबा हुआ है। लोगों के पास खाने, पीने से लेकर रहने तक का ठिकाना नहीं बचा है। बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं सब बेहाल है।

नेपाल में भारी बारिश का दंश बिहार झेल रहा है। इस दौरान नदी नाले उफान पर है। बिहार, कोसी, गंडक और गंगा नदी में लगाता बाढ़ आई हुई है। इस बाढ़ के कारण कई जगह तबाही का मंजर फैला हुआ है। बीते 24 घंटों के दौरान दरभंगा से लेकर सहरसा में बाढ़ का पानी फैला हुआ है। अब तक 19 जिलों में 12 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हो चुके है।

बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित जिले पश्चिम चंपारण, अररिया, किशनगंज, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढी, सुपौल, मधेपुरा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, मधुबनी, दरभंगा, सारण, सहरसा और कटिहार हैं। इन जिलों के 76 प्रखंडों की 368 पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। यहां लोगों का सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। दरअसल, बिहार में कुल 38 जिले हैं जहां बीते दो दिनों से 16 लाख से अधिक लोग बाढ़ से जूझ रहे है। बिहार में सब डूबा हुआ है। लोगों के पास खाने, पीने से लेकर रहने तक का ठिकाना नहीं बचा है। बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएं सब बेहाल है। सरकार का दावा है कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों



में राहत दी जा रही है। राहत कार्य के लिए एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की 16 टीमों को लगाया गया है। कई प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर इंजीनियर भी जुटे हुए है।

चिराग पासवान ने लिया जायजा

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भयावह स्थिति का विवरण साझा करेंगे। एक दिन पहले नयी दिल्ली से लौटे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कोसी, गंडक एवं गंगा नदियों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर जायजा लिया और अधिकारियों को प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाये जाने का निर्देश दिया।

पड़ोसी देश नेपाल में भारी वर्षा के कारण 29 सितंबर की सुबह पांच बजे कोसी बैराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था जो 1968 के बाद सर्वाधिक है। इस बैराज से 1968 में अधिकतम 7.88 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था।

## दो दिन में सीएम आवास खाली कर देंगे अरविंद केजरीवाल

**नई दिल्ली : दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नया घर तय हो गया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल एक से दो दिनों में मुख्यमंत्री आवास खाली कर देंगे और अपने विधानसभा क्षेत्र में एक नए घर में शिफ्ट होंगे।यह निर्णय उनके कामकाज की सुविधा और अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से निकटता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आपको बता दें कि पूर्व उट केजरीवाल ने 17 सितंबर को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। जानकारी के अनुसार, वह दो दिन के भीतर सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास को खाली कर देंगे। इस बदलाव से उन्हें स्थानीय निवासियों के साथ और बेहतर संपर्क स्थापित करने का अवसर मिलेगा।

नए आवास की तलाश

आम आदमी पार्टी ने केजरीवाल के लिए ऐसा स्थान खोजा है, जो उनके काम के लिए सुविधाजनक हो और यात्रा में भी कोई दिक्कत न हो। इससे उन्हें शहर के विभिन्न क्षेत्रों और निवासियों से जुड़े रहने में मदद मिलेगी। पार्टी पहले ही यह घोषणा कर चुकी थी कि केजरीवाल जल्द ही मुख्यमंत्री आवास खाली करेंगे और नए आवास की तलाश की जा रही है।

विधानसभा क्षेत्र से जुड़ाव

केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के निकट एक घर तलाश रहे हैं ।

# जमीनी रंजिश व पैसे को लेकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख पर हुआ था जान लेवा हमला, पांच गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**उतरांव।** जिले के उतरांव थाना क्षेत्र के दुघरा गांव निवासी पूर्व ब्लॉक प्रमुख राधेश्याम पटेल पुत्र स्व0 सोहन लाल पटेल अपने ड्राइवर अनिल पटेल पुत्र जगन्नाथ पटेल नीवासी कनेहटी के साथ 29 सितम्बर को करीब 01 बजे फूलपुर से घर जा रहे थे । जैसे वह बलीपुर नेशनल हाइवे सर्विस रोड पर पहुचे थे कि दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने बाइक को ओवरटेक कर गोली मार दी थी। जिससे वह घायल हो गए थे। जिनका एक निजी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। घटना को तत्काल से संज्ञान में लेते हुए एसीपी हंडिया के निर्देशन में कई टीमें गठित की गई थी । जिसमे उतरांव थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी द्वारा सीसीटीवी फुटेज और अन्य जांच पड़ताल में पता चला कि अभियुक्ता सुनीता देवी पत्नी सत्यनारायण और राधेश्याम पटेल में जमीन को लेकर पुरानी रंजिश और पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद था। जिसमे सचिन भारतीय पुत्र सत्यनारायण भारतीय और एक अन्य के द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। जिसका पुलिस द्वारा खुलासा करते हुए। घटना में कुल 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनका विवरण।1 करन कुमार पुत्र सूरज भारतीय नीवासी सुदीपुर थाना फूलपुर,2 हिन्देश कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद नीवासी ग्राम सराय आलम थाना उतरांव,03 करन भारतीय पुत्र विजय प्रकाश भारतीय नीवासी डीहवा थाना उतरांव,4 सत्रजीत भारतीय, 5 सुनीता देवी पत्नी सत्यनारायण निवासिनी ग्राम महरुपुर थाना उतरांव प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा 12 बोर,01 खोखा कारतूस 12 बोर 04 मोबाइल 03 मोटरसाइकिल। बरामद कर जेल भेज गया। गिरफ्तारी टीम में मुख्य रूप से थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी, व.उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह,उप निरीक्षक सूरज प्रकाश सिंह,राम सुधार सिंह यादव, रितेश चंद उपाध्याय,कांस्टेबल सत्यजीत सिंह,अखिलेश यादव, प्रकाश सिंह,शमशेर सिंह,महिला कांस्टेबल प्रियंका राजभर रही।

## सार्वजनिक रामलीला समिति का मुकुट पूजन संपन्न हुआ

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में बुधवार को भव्य दशहरा महोत्सव का शुभारंभ सार्वजनिक रामलीला समिति स्वदेशी काटन मिल ग्राउंड नैनी के मुकुट पूजन विधि विधान से संपन्न हुआ कमेटी के संरक्षक गुरु प्रसाद राव संरक्षक लक्ष्मीकांत तिवारी संरक्षक मनोज सिंह संरक्षक सोनू यादव संरक्षक हरिकृष्ण तिवारी बबलू अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल कार्यवाहक अध्यक्ष प्रमोद सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष योगेश सिंह महामंत्री अजय यादव कोषाध्य दिलीप केसरवानी उपकोषाध्यक्ष बृजेश सिंह डायरेक्टर प्रिया मिश्रा एवं सार्वजनिक रामलीला के सभी पदाधिकारी गणके द्वारा सम्पन्न हुआ।

## दो बाइकों की टक्कर से दो जख्मी

**मऊआइमा।** दो बाइकों के आपस में टक्कर हो जाने दो युवकों को चोटें आयी है। प्रतापगढ़ से मऊआइमा आ रहे बाइक सवार की बाइक प्रयागराज से प्रतापगढ़ की ओर जा रहे बाइक सवारों के बीच फोरलेन के ग्राम गदाईपुर के पास आपस में टक्कर हो गई। प्रतापगढ़ की ओर से आ रही बाइक पर बैठे श्रवण कुमार 30 वर्ष तथा प्रयागराज की ओर से आ रही बाइक सवार पर बैठे आकाश तिवारी 32 वर्ष जख्मी हो गए। दोनों का निजी अस्पताल में इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

# पालकी पर सवार होकर आ रहीं हैं मां दुर्गा

**कौंधियारा।** हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। आपको बता दें कि नवरात्रि साल में 4 बार आती हैं। जिसमें एक चैत्र और शारदीय नवरात्रि होती हैं, तो गुप्त नवरात्रि होती हैं। नवरात्रि में माता के 9 रूपों की पूजा- अर्चना की जाती है। यहा हम बात करने जा रहे हैं शारदीय नवरात्रि के बारे में जो हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होते हैं। इस साल शारदीय नवरात्रि की शुरूआत 3 अक्टूबर से हो रही है। वहीं इस साल मां दुर्गा पालकी की सवारी पर आ रही हैं। साथ ही उनकी विदाई चरणायुध (मुर्गे) पर होगी। आइए जानते हैं मां दुर्गा का पालकी पर आने का क्या है संकेत...

मान- सम्मान के कारक सूर्य देव करने जा रहे तुला राशि में प्रवेश, इन राशियों को मिल सकता है अपार पैसा और पद- प्रतिष्ठा

**पालकी पर सवार होकर आ रहीं हैं मां दुर्गा :** देवी भागवत पुराण में मां नवदुर्गा की सवारी के बारे में वर्णन मिलता है। जिससे संबंधित एक श्लोक भी है।



**शशि सूर्य गजरुढा शनिभौमै तुरंगमे।**
**गुरौशुक्रेच दोलायां बुधे नौकाप्रकीर्तिता॥**

श्लोक के मुताबिक यदि नवरात्रि सोमवार या रविवार से आरंभ होती हैं तो माता हाथी पर विराजमान होकर आती हैं। साथ ही यदि नवरात्र शनिवार या मंगलवार से आरंभ हो तो माता की सवारी घोड़ा होता है। साथ ही यदि शुक्रवार और गुरुवार को नवरात्रि आरंभ होती है तो मातारानी पालकी (डोली) में आती हैं। वहीं यदि बुधवार से नवरात्रि प्रारंभ हो तो माता का आगमन नौका पर सवार होकर आती हैं। वहीं इस बार नवरात्रि की शुरूआत गुरुवार 3 अक्टूबर से शुरू हो रही हैं, तो इस बार माता डोली पर सवार होकर आ रही हैं, जो अशुभ माना जा रहा है।

मालव्य राजयोग बनने से व्यक्ति होता है अति धनवान और भाग्यशाली, देखें- कहीं आपकी जन्मकुंडली में तो नहीं बन रहा ये योग देवी भागवत पुराण के अनुसार माता रानी का पालकी पर आना शुभ संकेत नहीं माना जाता है। माता दुर्गा का पालकी पर आने का अर्थ है कि देश-दुनिया में बीमारी और महामारी फैल सकती है। इतना ही नहीं व्यापार में मंदी, अर्थव्यवस्था में गिरावट की भी आशंका होती है। साथ ही देश-विदेश में कोई दुर्घटना हो सकती है।

**विभिन्न रूपों की होगी पूजा**
**तीन अक्टूबर : शैलपुत्री**
**चार अक्टूबर :ब्रह्मचारिणी**
**पांच अक्टूबर : चंद्रघंटा**
**छह अक्टूबर : कुष्मांडा**
**सात अक्टूबर : कुष्मांडा**
**आठ अक्टूबर : स्कंदमाता**
**नौ अक्टूबर : कात्यायनी**
**10 अक्टूबर : कालरात्रि**
**11 अक्टूबर : महागौरी व सिद्धिदात्री**
**12 अक्टूबर : विजयादशमी**

## दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज में धूमधाम से मना गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री जयंती



**मेजा।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज गोसौरा कला में गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान स्वच्छता अभियान के तहत बच्चों एवं शिक्षको द्वारा विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमे स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर अलग अलग कक्षाओं में कला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं वादविवाद प्रतियोगिता का भी सफल आयोजन किया गया। दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कालेज की अलग अलग शाखाओं में बुधवार से स्काउट का आरंभ हुआ है इस अवसर पर दुर्गावती ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की मैनेजर डॉक्टर स्वतन्त्र मिश्रा द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल के उप प्रधानाचार्य सृजन मिश्रा ने बच्चो को गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती के महत्व के बारे में विस्तार से बताया तथा देश के प्रति उनकी निष्ठा एवं योगदान के बारे के बच्चो को अवगत कराया। इस बीच स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन सत्यम सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन जुबैरिया इबकर द्वारा किया गया,तथा धन्यवाद ज्ञापन हिमांशु साहू द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा स्टाफ के सभी लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करके अपने पितरों को विदाई दी गई



**जंघई।** पितृ पक्ष के अमावस्या पर बुधवार को पितृ विसर्जन श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करके अपने पितरों को विदाई दी गई साथ में ब्राह्मण, गौ और कौओं को भोजन कराया गया। भोजन कराने के बाद ब्राह्मणों को यथा शक्ति दान दक्षिणा देकर आशीर्वाद लेकर उन्हें विदा किया गया। वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी जितेंद्र बाबा तिवारी द्वारा अपनी मां श्यामा देवी, पत्नी गीता देवी और भांजे अविनाश मिश्र के सहयोग से अपने दादाजी अमरनाथ तिवारी एवं दादीजी ललिता देवी एवं पिताजी अनिल तिवारी का पिंडदान, श्राद्ध तर्पण किया। अपने पितरों को खुश करने के लिए हजारों की संख्या में लोगों ने पूरे दिन गंगा घाट एवं नदियों के किनारे पिंडदान श्राद्ध तर्पण किया। लोगों ने पुरोहितों के निर्देशन में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ काला तिल मिश्रित जल से तर्पण किया और जौ का आटा, खोवा, काला तिल का पिंड और चावल, दूध, गुड़, गाय के उपली पर खीर बना कर पत्ते के दोने पर परोस कर बड़े ही श्रद्धा के साथ अपने पितरों को ग्रहण करने का आह्वान किया। मान्यता है कि पितृ कुत्ता, कौआ और गाय को कराया गया भोजन पितृ तक पहुंचता है और पितृ प्रसन्न होकर अपने वंशजों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देकर विदा हो अपने धाम को चले जाते हैं।

## गांधी एवं शास्त्री जयंती पर फहराया झंडा, आयोजित हुई प्रतियोगिताएँ



**करछना।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस पूरे कौंधियारा क्षेत्र में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के सभी सरकारी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। विकास खंड कौंधियारा में ब्लॉक प्रमुख कौंधियारा व प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष इंद्रनाथ मिश्र ने बापू जी व शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस दौरान बापू के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम' का गायन कर उन्हें याद किया गया। बापू एवं शास्त्री जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महापुरुषों के जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया गया। मौके पर बीडीओ कौंधियारा चंदन देव पाण्डेय, एडीओ पंचायत प्रेमचंद सिंह, ग्राम विकास अधिकारी अमान उल्लाह सहित समस्त सचिव और ब्लॉक कर्मचारी मौजूद रहें। इसी तरह क्षेत्र के श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज के प्रांगण में गांधी एवं शास्त्री जयंती समारोह बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय द्वारा झंडा फहराया गया व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि दी गयी। इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के 45 छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पेंटिंग सामग्री और राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम द्वारा प्रमाणपत्र भी वितरित किया गया। इस मौके पर प्रवक्ता शुशील सिंह, वीना उपाध्याय,आरती मौर्य, रामसुंदर, गणेश शुक्ल ,धीरेंद्र सिंह, अमरेंद्र कुशवाहा, सत्यम कुशवाहा, अखिलेश कुमार, गेंदालाल, कृष्ण कुमार दुबे, राजकुमार कुशवाहा, आशुतोष कुशवाहा, प्रिया कुशवाहा, पूजा मिश्रा, प्राची केसरवानी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशीष शुक्ल ने किया।

## गांधी जयंती पर विधायक ने अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान

**करछना** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितम्बर से राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जन्म दिवस 2अक्तूबर तक स्वछता और सेवा पखवारा मनाया गया इस महत्वपूर्ण अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना पंहुच कर सबसे पहले महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रंधाञलि दिया और उसके बाद अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चला कर साफ सफाई किया इस पहल के माध्यम से न केवल समर्पण दिखाया बल्कि स्वछता के प्रति लोगो को जन जागृत भी किया विधायक करछना ने इस अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह कार्य क्रम देश के विभिन्न स्थानों मे चलाया जा रहा है और कहा कि स्वछता ही सेवा है के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधान मंत्री के जन्म दिन के साथ पूरे देश लगातार सेवा और स्वछता पखवारा कार्य क्रम चला रही है विधायक द्वारा सफाई कर्मचारियों का माला पहना कर सम्मान भी किया गया इस अवसर पर स्वछता और सेवा अभियान के जिला संयोजक त्रिवेणी प्रसाद पांडे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी डॉ. के वी सिंह कुशवाहा खंड विकास अधिकारी चंदन देव पांडे, डॉक्टर वाई पी सिंह ,डॉ संजय द्विवेदी सेवा लाल पटेल प्रमोद त्रिपाठी, रिंकू सिंह ,अमित सिंह ,कार्तिकेय कुशवाहा ,शिवम पांडे, सौरभ श्रीवास्तव ,सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# यमुनापार और गंगापार में सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी को करूंगा मजबूत : संजय गौतम

● मेजा के पट्टीनाथ राय गांव बैठक कर पार्टी के विस्तार और संगठन की मजबूती पर हुई मंत्रणा, मेंहदी हसन को सौंपी गई जिला महा महा मंत्री की जिम्मेदारी



**मेजा।** पार्टी और संगठन के विस्तार तथा मजबूती के लिए रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के पदाधिकारियों की एक बैठक विकास खंड उरुवा के पट्टीनाथ राय गांव में आयोजित की गई। जिसमें मेंहदी हसन को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष संजय गौतम रहे। उल्लेखनीय है कि केंद्र में भाजपा समर्थित रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम के नेतृत्व में इन दिनों पार्टी और संगठन के मजबूती तथा विस्तार हेतु व्यापक पैमाने पर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के मद्देनजर क्षेत्र के पट्टीनाथ राय गांव में आयोजित बैठक में उपस्थित कार्यकताओं को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए श्री गौतम ने कहा कि पार्टी एवं संगठन की मजबूती ही कार्यकताओं की ताकत है। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी के कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा प्रयागराज के साथ साथ गंगापार और यमुनापार के सभी गांवों में कार्यकर्ता जाएं और घर घर पार्टी की नीतियों एवं एजेंडा को लोगों तक पहुंचाएं और सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए ज्यादा संख्या में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करें,ताकि आगामी चुनाव के पूर्व रिपब्लिकन पार्टी पूरे जनपद में एक सक्रिय पार्टी के रूप में अपना अस्तित्व स्थापित कर सके। उन्होंने आगे कहा संगठन और पार्टी को मजबूत करना ही हमारी प्राथमिकता है। बैठक में पट्टीनाथ उंचाडीह बाजार निवासी तथा पार्टी के हित में पूरी तरह सक्रिय रहने वाले मुस्लिम समुदाय के मेंहदी हसन को जिलाध्यक्ष संजय गौतम द्वारा जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। इस दौरान नवनियुक्त जिलामहामंत्री मेंहदी हसन का उपस्थित कार्यकताओं जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पार्टी के प्रयागराज संरक्षक ओम प्रकाश मौर्य,मनीष कुमार शुक्ला,त्रिशूल नाथ सिंह, धनई प्रसाद तथा कृष्ण कुमार पांडेय आदि के अलावा सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता बैठक में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सीएचसी शंकरगढ़ः तीन माह के अंतराल में 103 लोगों ने करवाया आपरेशन

**एमपी की सीमा पर स्थित इस अस्पताल के प्रति बढ़ रहा लोगों का भरोसा**



**बारा/शंकरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में आपरेशन की सुविधा बहाल होने के बाद से इस अस्पताल की विश्वसनीयता में खासा इजाफा हुआ है। गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोग भी इलाज करवाने केलिए यहां पहुंच रहे हैं। सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक सिंह ने बताया कि इसी क्रम में दो अक्टूबर, गांधी जयंती के दिन इंशनल हार्निया का आपरेशन किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रीता सिंह व उनकी टीम ने सफल आपरेशन कर महिला मरीज को भीषण दर्द से आराम दिलाया। अधीक्षक के मुताबिक क्षेत्र के बिहरिया निवासी राजू ठाकुर की पत्नी रंजना देवी (40) को हार्निया की शिकायत थी। अस्पताल में इलाज करवाने पहुंचे तो जांच के दौरान पता चला कि आपरेशन करना पड़ेगा। इसके उपरांत रंजना देवी व उनके परिजनों की सहमति पर सफल आपरेशन किया गया। रंजना देवी अब स्वस्थ हैं। अधीक्षक ने बताया कि जब से सीएसी में ओटी की सुविधा उपलब्ध हुई है, तब से यहां लगातार आपरेशन किए जा रहे हैं। बीते तीन माह के दौरान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओटी में 103 ऑपरेशन किए गए, इसमें कई मेजर आपरेशन शामिल हैं। सीएचसी शंकरगढ़ में ओटी की सुविधा के लिए सीएमओ प्रयागराजके प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने एक लंबे अंतराल के बाद सीएचसी में ओटी की सुविधा बहाल करवाई।

## गांधी जयंती पर करछना एसडीएम तपन मिश्र जमुनापार ने कवि एवं कलाकारों को किया सम्मानित



**करछना।** तहसील परिसर में उप जिलाधिकारी तपन मिश्र द्वारा प्रांगण में झंडा रोहण एवम राष्ट्रगान उपस्थित जन समूह द्वारा सामूहिक रूप से किया गया तत्पश्चात महात्मा गांधी वह लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प सबने चढ़ाया, रघुपति राघव राजा राम भजन के द्वारा उप जिलाधिकारी श्री तपन मिश्र की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया कवियों ,कलाकारों ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़ी हुई कविताएं एवं राष्ट्रभक्ति गीतों से उपस्थित सभी लोगों को संदेश दिया। उप जिलाधिकारी द्वारा सत्याग्रह असहयोग आंदोलन भारत छोड़ो आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो विचारों का वर्तमान में गांधी जी गांधी जी का महत्व पर संदेश दिया तहसीलदार आर पी सिंह द्वारा बताया गया गांधी जी ने सत्य अहिंसा और सत्याग्रह पर चलते हुए फिरंगियों को देश से भगाया इन्हें हम सबको आत्मसात करने की जरूरत है वरिष्ठ अधिवक्ता, शोभनाथ द्विवेदी एवं ध्रुवराज सिंह हंसराज सिंह , द्वारा गांधी जी के आदर्शो व विचारों से जुड़े प्रेरक प्रसंग एवं घटनाओं से जुड़ी हुई बातें बताएं एवं सत्य अहिंसा प्रेम को गांधी जी का प्रमुख हथियार बताया, नायब नैनी संध्या गोस्वामी , नायब पनासा संतोष यादव द्वारा गांधी जी के विचारों व उनके बताए हुए मार्गो पर चलने को ब ल दिया। वरिष्ठ साहित्यकार कवि राजेंद्र कुमार शुक्ल के संचालन में ओज के महान कवि वीरेंद्र सिंह कुसुमाकर ,वरिष्ठ श्रेष्ठ ओज कवि बाबू फतेह बहादुर सिंह ऋषिराज ,लोक कलाकर कवि वेदानन्द (वेद सांवरिया), हास्य व्यंग्य कवि रत्नाकर सिंह तन्हा,शायर कवि सबरेज अहमद लोक गायिका मोहिनी श्रीवास्तव ,पुरुषोत्तम दास टंडनजी रामअधार, रमाकांत आदि कवियों एवं कलाकारों में गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए अपनी रचनाओं का पाठ किया कवियों कलाकारों को उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार ,द्वारा अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ,कवि राजेंद्र कुमार शुक्ला द्वारा भगवद्गीतामृतम, बाबू फतेह बहादुर सिंह द्वारा शौर्यार्चन लिखित पुस्तक उप जिलाधिकारी जी को भेंट स्वरूप प्रदान किया गया।। दौरान तहसील परिसर प्रमुख रूप से लेखपाल एवं अधिवक्ता गण कर्मचारी सहित ग्रामीण क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# गोष्ठी का आयोजन कर मनाई गई गांधी एवं शास्त्री की जयंती

**सहसों।** सहसों बाईपास पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं द्वारा गोष्टी का आयोजन कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की उल्लास के साथ जयंती मना कर याद करते हुए नमन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रत्याशी एवं कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेता मोहम्मद हलीम अंसारी ने दोनों महापुरुषों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करते हुए कहा कि आज हम सब एवं देश को ऐसे ही राष्ट्र निमार्ता किसानों के शुभचिंतक महापुरुष की आवश्यकता है। जो देश के नौजवानों किसानों मजदूरों आदि के बारे में सोंच एवं समझ सके। उन्होंने कहा ऐसे महान युग पुरुष के बताए हुए मार्ग एवं उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता है। जिससे देश व समाज का पूर्ण विकास हो सके। गोष्ठी में प्रमुख रूप से अखंड प्रताप सिंह, शकील अहमद, गुलाम शरवर अंसारी एवं चंद्र प्रकाश सहित आदि पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी तरह युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी के कार्यालय सहसों में जयंती के अवसर पर महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि कर जयंती मनाते हुए याद एवं नमन किया गया। इस मौके पर सोसाइटी के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश केसरवानी ने दोनों महापुरुषों को शत-शत नमन करते हुए उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्ष ने कहा जिस तरह से राष्ट्र की आजादी में महात्मा गांधी ने सत्य एवं अहिंसा के आधार पर देश को आजाद कराकर राष्ट्रपिता की उपाधि हांसिल की वैसे ही हमारे देश के महान एवं जय जवान जय किसान के प्रणेता भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री ने किसानों एवं देश हित में अपना सर्वस्व निछावर करते हुए किसानों के मसीहा बने ऐसे धरती के लाल को हम सब एक बार फिर याद करते हुए नमन करते हैं। इस अवसर पर शेरू केसरवानी, संजीव कुमार शुक्ला, आदर्श, शिव बाबू एवं राजू सहित आदि नव युवक के उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की सीख दिया : प्रो. राजीव मालवीय प्राचार्य

**जंघई।** भारत के दो महान विभूतियों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती की पूर्व संध्या पर नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में विविध प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य प्रो0 राजीव मालवीय ने दोनों के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि दोनों महान हस्तियों ने अपने कार्यों और विचारों से देश और दुनिया भर के जनमानस पर अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है। अंग्रेजों को भारत से खदेड़ने में महात्मा गांधी की ओर से चलाए गए सत्याग्रह जन आंदोलनों की बड़ी भूमिका है। वहीं भारत के स्वतंत्रता संग्राम में लाल बहादुर शास्त्री का भी महत्वपूर्ण योगदान है। महात्मा गांधी हमेशा लोगों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की सीख देते थे और लाल बहादुर शास्त्री की छवि भी सबसे ईमानदार नेता की है।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र, छात्राओं ने जयंती कार्यक्रम में प्रतिभाग किया इस अवसर पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

## भोपतपुर की रामलीला मंचन आज से

**सहसों।** आदर्श रामलीला कमेटी भोपतपुर की एक बैठक आयोजित कर सुंदर एवं कुशल पत्रों द्वारा रामलीला मंचन हेतु सुंदर अभिनय के लिए कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की एक सहमति बनाते हुए विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर कमेटी के डायरेक्टर लालजी प्रजापति ने बताया कि रामलीला में सुंदर मंचन के लिए 3 अक्टूबर को सायंकाल कर्ण घोड़ा यात्रा निकालकर प्रारंभ होगी। 4 अक्टूबर को सुंदरकांड एवं मुकुट पूजन, रामलीला मंचन में पात्रों द्वारा अभिनय 5 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक एवं विजय महोत्सव 17 अक्टूबर को होगा। बैठक में प्रमुख रूप से सभी पदाधिकारी में रामकुमार सोनी, राकेश शर्मा, सूर्या यादव, भोला सोनी, शिवकुमार सोनी, ज्ञान सिंह, राजेंद्र सिंह अधिवक्ता, महेंद्र सिंह, महेंद्र श्रीवास्तव, कृष्णा राज सिंह, अमर बहादुर यादव, अभिषेक सोनी, राजकुमार सोनी, जगलाल पाल, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, राम दयाल, लकी सोनी, आकाश, अमन एवं धीरज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## इस बार तिरंगा की लम्बाई 8100 मीटर रहा तिरंगा यात्रा



**जसरा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में दो अक्टूबर को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन स्वतंत्रता संग्राम सेनानी यूथ क्लब की ओर से किया जाता है। इस बार तिरंगा की लम्बाई 8100 मीटर रहा। तिरंगा यात्रा जसरा से चलकर चाका ब्लाक तक ले जाया गया। इस अवसर पर भारत माता की जय, वंदे मातरम, महात्मा गांधी अमर रहे, लालबहादुर शास्त्री अमर रहें आदि नारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। तीन महापुरुषों महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री व मसुरिया दीन पासी की जयंती के अवसर पर तिरंगा यात्रा विकासखंड कार्यालय जसरा से प्रारंभ हुई। युवाओं ने अपने हाथों में झंडे की बागडोर संभाल रखी थी। यूथ क्लब के अध्यक्ष अरविंद द्विवेदी ने बताया कि तिरंगा यात्रा का यह लगातार चौथा वर्ष है। इस अवसर पर 8100 मीटर तिरंगा यात्रा निकाला गया। यूथ क्लब के अध्यक्ष ने बताया कि लगभग एक माह से इसकी तैयारी दिन-रात की जा रही थी। तिरंगा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में आसपास के गांव के युवाओं ने सहयोग किया। तिरंगा यात्रा विकासखंड कार्यालय चाका में जाकर समाप्त हुई। जगह जगह तिरंगा यात्रा देखने वालों की भीड़ भारत माता की जय के नारे लगाकर युवाओं को उत्साहित कर रहे थे। इस अवसर पर दीपू पाठक, मोनू खान,सुधांशु मिश्रा,शनि शुक्ला,बृजभान पटेल, सुरेंद्र पटेल जिला पंचायत सदस्य, अतुल गुप्ता, विवेक पटेल, सुधीर पाठक, नीरज भारतीय, हेमंत यादव, जावेद अख्तर, अमित गोस्वामी, इश्तियाक अहमद,शिवाकांत पाल आदि लोगों ने भाग लिया।

## मऊआइमा में महात्मा गांधी व शास्त्री जी के जयंती पर किया गया श्रमदान



**मऊआइमा।** महात्मा गांधी और शास्त्री जी की ई पर सरकारी गैर सरकारी संस्थानों पर बडी धूमधाम से मनाया गया।तथा उनके चित्रों पर माल्यार्पण किया गया।इस अवसर पर गांधीजी और शास्त्री जी के आदर्शों पर चलने की अपील की गयी। विकास खंड परिसर में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि इम्तियाज समी ने माल्यार्पण किए।इसी प्रकार नगर पंचायत अध्यक्ष शोएब अंसारी ने नगर पंचायत कार्यालय में चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए श्रमदान किए।महात्मा गांधी जी की जयंती पर स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत मऊ आइमा के नाटी इमली चौराहा पर श्रमदान का कार्यक्रम किया गया। जिसमें नगर2 पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद शोएब अंसारी, नगर पंचायत के सभासदों, वरिष्ठ लिपिक हीरालाल , मो ,आजम, शिव कुमार, आशीष कपूर, रूखशान आरिफ , कुल्लू, जेबीडी,इनायत उल्ला एवं सफाई कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नमन कर मनाई गई गांधी एवं शास्त्री की जयंती



**सहसों।** भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय विश्व अहिंसा दिवस एवं जयंती पर देश के दो महानायकों, सत्य अहिंसा और शांति के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं जय जवान जय किसान के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण तथा श्रद्धा सुमन अर्पित करके विद्यालय के प्रबंधक विनय उपाध्याय सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक शिक्षिकाओ और छात्र छात्राओं ने उल्लास पूर्वक जयंती मनाई। इस अवसर पर प्रबंधक ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के उन विचारों को याद कर कहा कि देश और दुनिया को सत्य के मार्ग पर चलकर आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। तथा महान विभूतियों को याद कर उनके संदेश एवं आदर्शों को बच्चों को बताया गया और उनके बताए हुए पद चिन्हों पर चलने को प्रेरित किया गया। प्रमुख रूप से राजन कुमार, संजय शर्मा, वाजिद अली, निमित्त पाल, सविता गुप्ता, मारिया बानो, प्रमोदित यादव, रागिनी दुबे एवं अर्पिता कुशवाहा सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी गांधी और शास्त्री को जयंती पर नमन करते उपस्थित रहे।

## आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने मनाई गांधी जयंती



**करछना** प्रयागराज आंगनबाड़ी केंद्र जगौती में गांधीजी की जयंती मनायी गयी आज दो अक्टूबर को आंगनबाड़ी केंद्र जगौती में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की व पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनायी गयी कार्यकत्री आशा सोनी ने बताया कि महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर 18=69 को गुजरात पांत के पोरबंदर नामक गांव में हुआ था इनके पिता मोहनदास करम चंद गांधी व इनकी माता का नाम पुतली बाई है राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी के आदर्शों की चर्चा इनकी जयंती भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में भी मनाई जाती है पूर्व पधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म, 2 अक्टूबर 1904 को मुगलसराय में हुआ था महात्मा गाँधी लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर उपस्थित आशा सोनी किरन मिश्रा सपना विश्वकर्मा नन्हें मुन्ने छात्र व छात्रा मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर के फर्श की धुलाई व संगम घाट पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का दिया संदेश

● जनपद में वृहद स्तर पर आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम ● स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चलाया गया विशेष सफाई अभियान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री जी द्वारा कचरा मुक्त भारत बनाने के क्रम में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी आज 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने सर्वप्रथम सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की, उसके पश्चात हनुमान जी के मंदिर के फर्श की धुलाई कर स्वच्छता एवं तत्पश्चात संगम घाट पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रयाग के लोग साक्षी है, मैं भी साक्षी हूं। जिन्होंने



कुम्भ-2019 के भव्य एवं दिव्य आयोजन को देखा है। आगामी महाकुम्भ-2025 का आयोजन ऐतिहासिक, दिव्य, भव्य व स्वच्छ होगा। उन्होंने कहा कि कुम्भ-2019 में जहां लगभग 24 करोड़ लोग आये थे, वहीं इस महाकुम्भ मेले में यह संख्या दोगुनी होने की उम्मीद है। देश भर में महाकुम्भ मेले को लेकर उत्साह है। उन्होंने कहा कि मेले से सम्बंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली लायेगी। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री ने बालसन चौराहे पर स्थित महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण भी किया। इस अवसर पर महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा व अन्य माननीय जनप्रतिनिधि गण के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का किया शुभारंभ किया

**नैनी।** नैनी अरैल में 2 अक्टूबर को कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने महात्मा गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया शुभ अवसर पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के द्वारा सिद्ध पीठ सोमेश्वर नाथ मंदिर परिसर की स्वच्छता के अंतर्गत की गई साफ सफाई इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विनोद चंद्र प्रजापति महामंत्री राजेश शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे मंडल अध्यक्ष नागेश निषाद महामंत्री राम जी श्रीवास्तव महामंत विमलेश शुक्ला डॉक्टर सुभाष कुशवाहा राजू शुक्ला उपाध्यक्ष पप्पू सिंह पिछड़ा मोर्चा मंत्री महानगर राम लखन विश्वकर्मा मंत्री दीपक पांडे कार्तिकेय पुरी ध्रुव तिवारी महेश वर्मा मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव आदि कार्यकताओं के साथ कैबिनेट मंत्री 2 अक्टूबर पर महात्मा गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत की साफ सफाई।

# एटीएम से 11 लाख गायब शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

कई बैंक कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है लेकिन घटना के पखवारे भर बाद भी अभी तक एफआईआर दर्ज हुई

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के एक बैंक एटीएम से लाखों रुपए गायब होने का मामला प्रकाश में आया है मौखिक शिकायत पर पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कई बैंक कर्मचारियों से पूछताछ भी की जा रही है लेकिन घटना के पखवारे भर बाद भी अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

झूंसी स्थित एक बैंक एटीएम से 11 लाख 6 सौ 20 रुपये गायब होने ने बैंक कर्मचारियों में खलबली मची है। बताया जाता है कि 18 सितम्बर को एटीएम में पैसे डाले गए थे। दूसरे दिन एटीएम के कर्मचारी फिर एक लाख कैश डालने पहुचे तो एटीएम खाली मिला जिसकी शिकायत बैंक मैनेजर से की तब पता चला कि एटीएम खोल कर पैसे निकाले गए है। मामले की बैंक मैनेजर ने मौखिक शिकायत बीते 19 सितम्बर को पुलिस से की तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुच सीसी टीवी कैमरे को खगाला जिसमे एक नकाब पोस युवक एटीएम से पैसे निकालते नजर आया है। पुलिस ने एटीएम में पैसे डालने वाले कई कस्टोडियन से पूछताछ कर चुकी है पर अभी तक किसी नतीजे पर नही पहुची। थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभी बैंक की ओर से न कोई पैसे गायब होने का डाटा दिया गया न ही तहरीर मिली।

# गांधी शास्त्री की पहचान सादा जीवन उच्च विचारः चौधरी जितेंद्र नाथ

स्व. राम नरेश यादव स्मारक सेवा संस्थान ने झूंसी में मनाई गांधी शास्त्री जयंती




अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** सादा जीवन उच्च विचार ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की यही पहचान है। मौजूदा राजनैतिक परिवेश ये पहचान शायद ही कोई राजनेता बना सकेगा। इनके जीवन चरित्र को समाज में कायम रखना है तो नई पीढ़ी को इनकी गाथाओं से रूबरू कराना होगा। यह बाते पूर्व महापौर चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह ने स्व. राम नरेश यादव स्मारक सेवा संस्थान की ओर से झूंसी के आवास विकास कालोनी योजना दो में आयोजित गांधी शास्त्री जयंती के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के उपाध्यक्ष गया प्रसाद केसरवानी ने की, कार्यक्रम का संचालन मंत्री हीरालाल यादव एडवोकेट ने किया। अतिथियों का आभार संयोजक डीपी श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार यादव, राकेश कुमार सिंह, सुनील यादव, घनश्याम मिश्रा, श्रीनाथ मिश्रा, आरपी श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश ओझा, केसी त्रिपाठी, दीपू यादव, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, अशोक कुमार मिश्रा, कमलेश रतन यादव, धर्मेंद्र सिंह, रमेश श्रीवास्तव आदि रहे।

## डॉ. देवी प्रसाद कुंवर की पुस्तक का विमोचन कल

**झूंसी।** वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.देवी प्रसाद कुंवर की संस्मरणात्मक पुस्तक सृजन का अपरुप संसार का विमोचन उनकी पहली पुण्य तिथि पर चार अक्टूबर को किया जाएगा। आयोजक डॉ.सव्यसाची ने बताया कि पुस्तक के विमोचन का कार्यक्रम अंदावा स्थित गेस्ट हाउस में रखा गया है। मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल होंगे। मुख्य वक्ता प्रोफेसर रामसुधार सिंह एवं वरिष्ठ साहित्यकार रविनंदन सिंह होंगे। अध्यक्षता नेहरू ग्राम भारती विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति जेएन मिश्र करेंगे।

## रोजगार मेले में 113 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**प्रयागराज।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, प्रयागराज द्वारा आशीर्वाद पैलेस, अंदावां, प्रयागराज परिसर में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कम्पनियों द्वारा कुल 113 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले में कुल 219 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अनिल राजभर श्रम एवं सेवायोजन मंत्री उ0प्र0 सरकार एवं प्रवीण पटेल सांसद फूलपुर, राजीव कुमार यादव, सहायक निदेशक सेवायोजन, प्रशांत रोजगार मेला अधिकारी, मानवेन्द्र सिंह एवं प्रवीण कुमार, तथा मेला प्रभारी मारूफ अहमद व सेवायोजन कार्यालय के अन्य कर्मचारीगण रहे।

# महात्मा गांधी एक महान पैगंबर : क्रियायोग गुरू

महात्मा गांधी का जन्म जनमानस को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाने उस पर चलने व चलाने के लिए हुआ : स्वामी श्री योगी सत्यम

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** झूंसी स्थित क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में बुधवार को क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा गांधी जयंती के अवसर पर आए हुए देश व विदेश के साधकों को गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा दिए गए। अलौकिक संदेश को बताया। अभ्यास कराते हुए क्रियायोग गुरु ने कहा की परमहंस योगानंद जी महासमाधि के पूर्व अपने संदेश में महात्मा गांधी को महान पैगंबर कहा था।स्वामी जी ने यह भी स्पष्ट किया की सत्य अहिंसा का सिद्धांत अनंत काल से चला आ रहा है। पैगंबर बार-बार पृथ्वी पर आकर जनमानस को इसी सिद्धांत के बारे में जागरूक करते हैं। इस अवसर पर क्रियायोग गुरु ने साधकों



को बताया कि महात्मा गांधी प्रतिदिन क्रियायोग का अभ्यास करते थे । जिसके कारण उनके और उनकी पत्नी के बीच सनातन संबंध की स्थापना हुई। उन्होंने यह भी बताया कि महात्मा गांधी का जन्म जनमानस को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाने उस पर चलने व चलाने के लिए हुआ था। गुरु जी ने उपस्थित साधकों को बताया कि सत्य व अहिंसा का मार्ग शक्तिशाली जनों का मार्ग है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के मन में कभी भी किसी के प्रति कोई शिकायत नहीं होती थी ना भगवान के प्रति ना ही उनके सीने में गोली मारने वाले गोडसे के प्रति । कार्यक्रम के अंत में क्रियायोग गुरु ने गांधी जी के उन विशेष बातों को बताया कि वह विश्व के सभी राष्ट्रों की समस्याओं को आसानी से दूर दूर कर देते थे।

## जिला गंगा समिति के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा जागरूकता अभियान चलाया गया

**प्रयागराज।** जिला गंगा समिति प्रयागराज के अन्तर्गत आज दिनांक 02 अक्टूबर 2024 को लालबहादुर शास्त्री जयंती व राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में "स्वच्छता ही सेवा" श्रमदान एवं रैली अभियान का अयोजन किया



गया ' कार्यक्रम में समस्त वन विभाग, सत्यकाम संस्था की टीम व 16 यूपी बटालियन एनसीसी की परस्पर सहभागिता मदन मोहन मालवीय पार्क में अयोजित किया गया तथा पार्क से सरस्वती घाट तक स्वच्छता का सकारात्मक सन्देश देने हेतु पैदल रैली निकाली गई। कार्यक्रम में वन विभाग के प्रभागीय निदेशक अरविंद कुमार यादव, एसडीओ संगीता ,डीपीओ एशा सिंह उपस्थित रहे डीपीओ ने कहा हर व्यक्ति का यह कर्तव्य बनता है कि वह स्वच्छता को अपने जीवन का एक अहम हिस्सा बनाए। कार्यक्रम में सत्यकाम संस्था के समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे एवं 16 यूपी बटालियन एनसीसी के ए एन ओ डॉ अमिताभ शाद, अविनाश कुमार यादव, हर्ष पाण्डेय सहित एवं सैकड़ों जनों की उपस्थिति रही।

## नैनी में मानस रामलीला समिति का कर्ण घोड़ा शोभायात्रा सजधज के साथ निकला

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में बुधवार को मानस रामलीला समिति का कर्ण घोडा शोभायात्रा अभिमन्यु शाखा मैदान से निकला जिसमें एक दर्जन कलात्मक चौकिया व डीजे धमाल के साथ में घोड़ा ऊंट रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बताते हैं कि इस साल हमारा पहला



रामलीला है जो की पुराने परंपरा से करवाएंगे। संयोजक पार्षद बताते है की इस रूट पर जाना है रामलीला मैदान से उठकर। शनि मंदिर चक भटाई काटन मिल तिराहा, अरैल मोड़ से होते हुए नैनी बाजार हनुमान नगर मेवालाल बगिया, से होकर मिजार्पुर रोड सब्जी मंडी अशोक टाकीज चौराहा पीएसी चौराहा से वापस आकर अभिमन्यु शाखा मैदान पर समापन होगी शोभायात्रा के दौरान जगह जगह पर महिलाओं एवम पुरुषों ने पुष्पवर्षा एवम आरती करके यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी, संरक्षक समर बहादुर सिंह, सुभाष केसरवानी, राकेश श्रीवास्तव, संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव अध्यक्ष धीरेंन्द्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जयसवाल, राजकुमार कुशवाहा, प्रदीप मिश्रा अंशुमन, उपाध्यक्ष राज सिंह, रमेश केसरवानी, सोनू केसरवानी, चंडबली जाट, बबलू जायसवाल, सुभाष गुप्ता मुनीम, अतुल सिंह, सुधीर प्रजापति, सुनील कुशवाहा, बंटी पटेल आदि पदाधिकारी एवम अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## श्री अवंतिका रामलीला में विश्वामित्र संग वन को चले राम लक्ष्मण

**नैनी।** नैनी श्री अवंतिका रामलीला में बुधवार को मुनि आगमन एवं ताड़का वध की लीला का प्रभावशाली मंचन आस्था रामलीला टेलीकास्ट, मिजार्पुर के कलाकारों द्वारा किया गया। महर्षि विश्वामित्र यज्ञ की राक्षसों से रक्षा के लिए महाराज दशरथ से राम लक्ष्मण की याचना करते हैं। महाराज दशरथ पहले तो तैयार नहीं होते किंतु गुरु वशिष्ट के समझाने पर राम लक्ष्मण को महर्षि विश्वामित्र को सौंप देते हैं। वन मार्ग में राक्षसी ताड़का मिल जाती है। राम एक ही बाण से उसका वध कर देते हैं। महर्षि विश्वामित्र को अपने शिष्य की योग्यता का परिचय प्राप्त हो जाता है। व्यास वंश नारायण शुक्ल के मधुर भजनों ने दर्शकों का मन मोह लिया। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, आर के पांडेय, मीना पांडेय, यजुर्वेद जन्मेजय, राकेश त्रिपाठी, बी बी सिंह, आर के शुक्ला, अरुण त्रिपाठी, अनंत झा, राजेंद्र शुक्ला, संजय चतुवेर्दी, एन बी दुबे, गुड्डू सिंह, धीरज मिश्रा, राजेश मिश्रा, गौरी शंकर यादव, बजरंगी, बिल्लू आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर अभिलेख प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन

**प्रयागराज।** बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जयंती अवसर पर अभिलेख प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज कार्यालय में किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो.हेरम्ब चतुर्वेदी पूर्व विभागाध्यक्ष मध्य एवं आधुनिक इतिहास विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं पूर्व अध्यक्ष गांधी विचार एवं शांति अध्ययन संस्थान, इ0वि0वि0 द्वारा फीता काटकर किया गया। तदोपरांत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आजादी की लड़ाई से सम्बन्धित गांधी जी एवं शास्त्री जी के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी के माध्यम से हमारी भावी पीढ़ी को उनकी यादें संजोने का अवसर मिलता है। गांधी जी एवं शास्त्री जी के योगदानों का ऋण हमें उनके बताये हेतु उच्च आदर्श को अपनाकर किया जाना चाहिए जिससे भारत का भविष्य सुनहरा बन सके। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रो. सालेहा रशीद, पूर्व विभागाध्यक्ष फारसी/उर्दू विभाग, इ0वि0वि0, प्रयागराज द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें राष्ट्र की अमूल्य धरोहर बताया। देश हर वर्ष उन्हें नमन करके उनकी यादों को संजोता है। आजादी की लड़ाई में उनके अप्रतिम योगदानों को देश नमन करता है। अतिथियों द्वारा कार्यालय में वृक्षारोपड़ भी किया गया।कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक द्वारा किया गया। सभी अतिथियों को गुलाम सरवर पाण्डुलिपि अधिकारी/प्रभारी क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज द्वारा स्वागत किया गया और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा0 अंगद पटेल सदस्य भाजपा, बृजमोहन, डा0 कुलभूषण पटेल, राजेन्द्र तिवारी ह्यदुकानजीह्य, उमेश कनौजिया, प्रतिमा मिश्रा, वेद प्रकाश, विकास यादव, रोशन लाल, अजय कुमार मौर्य, मो. शफीक, शुभम कुमार, अभिषेक कुमार आदि के साथ राजकीय इण्टर कालेज के एन.सी.सी.कैडेट, स्काउट तथा पत्राचार संस्थान प्रयागराज की प्रवक्ताओं की उपस्थिति रही।

## नैनी प्रयागराज की सृष्टि अग्रवाल के बेहतरीन प्रदर्शन से भारत ने जीता कांस्य से पदक

**नैनी।** नैनी 20 से 29 तक अल्माटी कजाकिस्तान में आयोजित होने वाली 7 एशिया लीग महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता में भारतीय महिला हैंडबॉल टीम में प्रयागराज हैंडबॉल संघ की खिलाड़ी नैनी की सृष्टि अग्रवाल का चयन हुआ है। सृष्टि अग्रवाल ने शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय हैंडबॉल टीम ने कांस्य पदक प्राप्त किया इस चैंपियनशिप में भारतीय हैंडबॉल ने प्रतिभा किया था भारतीय खिलाड़ी ने पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक सफर तय किया भारत को सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के कड़े मुकाबले के बाद 31 - 26 से हराया इसके बाद तीसरे स्थान के मुकाबले में गोल्डन ईगल भारत में उज्बेकिस्तान के खिलाफ रोमांचकारी मुकाबले में मात्र एक गोल के अंतर से जीत दर्ज की भारत ने उक्त मुकाबला 25 - 24 से जीता इस मैच में जनपद प्रयागराज की सृष्टि अगरवाल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए भारतीय झोली में कंस पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान निभाया सृष्टि अग्रवाल वर्तमान समय में भारतीय रेलवे में कार्यकरती हैं तथा भारतीय रेलवे के लिए हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में प्रतिभा करती है सृष्टि अग्रवाल ने भारतीय रेलवे वी उत्तर प्रदेश टीम की तरफ से कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभा कर कई पदक प्राप्त किए हैं उक्त संबंध में सूचना उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव व उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव



आनंदेश्वर पांडे ने जिला हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित को दी उक्त अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार उपक्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद व डीके मिश्रा बद्रीनाथ दीक्षित डायरेक्टर अपेक्स एजुकेशन सोसाइटी योगराज मिश्रा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बाल बैडमिंटन संघ मुरारी लाल अग्रवाल सामाजिक कार्यकर्ता सीमा यादव रंजना सिंह रविंद्र मिश्रा शारीरिक शिक्षक हैण्बाल के अन्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शेखर सिंह परिहार सचिन रावत सोनम सिंह तेजस्विनी सिंह अमनदीप सिंह व प्रांजल सिंह अवधेश झा अभिषेक गुप्ता विनय पांडे विनय मिश्रा कृष्ण कुमार चौबे अखिलेश कुमार वर्मा (सभी शारीरिक शिक्षक) संकेत मिश्रा, राजकुमार सिंह, आर्यन सिंह, रामबहादुर सिंह अनुपाम सिंह, अतुल सिंह, गोविन्द कुमार निषाद कोच आदि ने सृष्टि अग्रवाल के कान से पदक प्राप्त करने पर ढेर सारी बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

# शिक्षार्थियों की सेवा हमारा परम धर्म : प्रोफेसर सत्यकाम

अखंड भारत संदेश

**फाफामऊ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में गाँधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति आचार्य सत्यकाम ने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए विश्वविद्यालय कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए भी शपथ दिलाई। प्रोफेसर सत्यकाम ने विद्यार्थियों को भगवान मानते हुए उन्हें कोई कष्ट नहीं पहुंचने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सेवा इस प्रकार करें कि उन्हें कोई कठिनाई न हो। विद्यार्थियों की सेवा हमारा परम धर्म है। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के स्वच्छता कर्मियों तथा मालियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इन सब के सहयोग से विश्वविद्यालय हरा भरा एवं स्वच्छता युक्त परिसर के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। महात्मा गांधी की भी यही सोच थी। वह समाज के सबसे निचले तबके



की बहुत चिंता किया करते थे। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन तथा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके द्वारा दिये गये योगदानों का भावपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छाया चित्र पर पुष्पार्पण किया। तत्पश्चात रघुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए, कबीर, रविदास एवं रहीम के दोहों का श्रवण किया गया। इसी क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर एस कुमार, निदेशक, समाज विज्ञान विद्याशाखा ने 17 सितम्बर, 2024 से 02 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में विश्वविद्यालय के सभी भवनों, क्षेत्रीय केन्द्रों तथा विश्वविद्यालय कर्मियों के सहयोग से अपने आस-पास स्थित विद्यालयों, धार्मिक स्थलों एवं परिसरों में की गई साफ-सफाई का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

गांधी जयंती पर कुलपति ने दिलाई शिक्षार्थियों की सेवा की शपथ, स्वच्छता कर्मियों एवं मालियों को कुलपति ने किया सम्मानित

तत्पश्चात विश्वविद्यालय के सभी स्वच्छता कर्मयोगियों को अंगवस्त्र तथा मिष्ठान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत ह्लआत्म निर्भर भारतह्व विषय पर कराये गये भाषण प्रतियोगिता के विजेता अभिषेक सिंह, वत्सल श्रीवास्तव एवं पारुल श्रीवास्तव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने पुरस्कृत किया।कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ त्रिविक्रम तिवारी, सहायक निदेशक/ सहायक आचार्य, समाज विज्ञान विद्याशाखा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, शिक्षणेत्तर कर्मी एवं शिक्षार्थी आदि उपस्थित रहे।

# न्यूज झरोखा

## महाविद्यालय में गांधी जी एवं शास्त्री जी की जयंती मनाई गई

**नैनी।** नैनी महाविद्यालय में गांधी एवं शास्त्री जयंती का आयोजन 2 अक्टूबर को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम




महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन और अन्य प्राध्यापकों ने गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात सर्वधर्म समभाव में विश्वास रखने वाले गांधी जी के सिद्धांतों पर अमल करते हुए प्रमुख धर्मों के प्रमुख ग्रंथों यथा गीता, बाइबिल एवं कुरान का पाठ हुआ। इसके पश्चात रामधुन रघुपति राघव राजा राम का सस्वर गायन छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ अनुभा श्रीवास्तव और दर्शनशास्त्र विभाग के विभाग प्रभारी डॉ राम कुमार सिंह ने गांधी जी के जीवन दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने गांधी और शास्त्री जी के सिद्धांतों पर व्यावहारिक रूप से अमल करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अर्चना राय ने किया इस कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। उक्त जानकारी मीडिया प्रकोष्ठ से डॉ भास्कर शुक्ला और डॉ अर्चना राय ने दी।

## नैनी में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर का स्वागत हुआ

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में बुधवार को संजय श्रीवास्तव भाजपा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में किया गया कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर का स्वागत किया गया प्रथम नैनी आगमन पर सोमेश्वर नाथ में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष संजय



श्रीवास्तव के नेतृत्व में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया इस अवसर पर नीरज शर्मा सुनील विश्वकर्मा नित्यानंद मिश्रा उमेश सेन रमेश पटेल धर्मराज पटेल बाबूजी यादव धीरज यादव कार्यकताओं ने कैबिनेट मंत्री का माल्यार्पण करके स्वागत किया।

## जीसी कंपनी के पास स्कूटी बाइक में भिड़ंत, चार घायल



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मिजार्पुर राजमार्ग पर जीसी कंपनी के पास मंगलवार देर रात बाइक और स्कूटी में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में इसमें सवार चार लोग घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अरैल स्थित एक निजी अस्पताल में पुलिस ने भर्ती कराया। नैनी पुलिस के अनुसार दुर्घटना में औद्योगिक क्षेत्र थाना के मवैया निवासी सागर, आर्यन के साथ दो अन्य को गंभीर चोटें आई है। सभी को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उनके परिवार वालों को इसकी जानकारी दे दी गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कंपनी के सामने से छिवकी स्टेशन जाने का रास्ता है। मार्ग में अंधेरा होने के कारण यहां आय दिन दुर्घटना होती रहती है।

## शिव बारात से श्री रामलीला का शुभारंभ आज

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ की तैयारी बैठक समिति के कार्यालय गोपाल मंदिर में संपन्न हुई। सभी तैयारियो को अंतिम रूप दिया गया। गुरुवार से नवरात्र के प्रथम दिवस पर भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। शिव बारात से श्री रामलीला समिति का शुभारंभ होगा। शिव बारात तीन बजे गोपाल मंदिर से निकलकर चैक से भगवा चुंगी स्टेशन होते हुए चिलबिला हनुमान मंदिर जाएगी। वहां से वापस चिलबिला स्टेशन चैराहे पर भगवान शिव माता पार्वती का विवाह संपन्न कराया जाएगा। सभी तैयारी में सभी पदाधिकारी लगे हुए हैं। बैठक में संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मंत्री विपिन गुप्ता, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, प्रहलाद खंडेलवाल, छेदीलाल, देवानंद, वेंकटेश अग्रवाल, धर्मेंद्र चैरसिया, राजू शर्मा, प्रदीप केसरवानी, राजेश उमरवैश्य, राजेश खंडेलवाल, विनय सिंह, पंकज मिश्रा, मनीष सिंह, ज्ञानेंद्र, नितिन शर्मा गंगू, बंटी नेता, विवेक यादव, रोहित राज, सूरज उमरवैश्य, अमन गुप्ता, तेजस गुप्ता आदि सैकड़ो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने मनाई महात्मा गांधी व लाल बहादुर की जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सत्य, अहिंसा का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरियादीन पासी का जन्मदिन आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई।

संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। इससे पूर्व कांग्रेस जनो ने अम्बेडकर चैराहे से शहीद उद्यान तक जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में मार्च कर उद्यान में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मागांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने नेताओं और महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि गांधीजी ने सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजादी दिलाई, उनके योगदान को देश कभी भुला नहीं सकता।



लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह,कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, विजय प्रताप त्रिपाठी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप, फतेह बहादुर सिंह, अवध राज यादव, भवानी शंकर दूबे,राधे श्याम दूबे, अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज, सेवादल नगर अध्यक्ष ज्योति कुमार तिवारी, बेलाल अहमद, विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मकरंद शुक्ल, सेवादल यंग ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष आकाश मिश्रा, शहजाद अहमद,राममूर्ति प्रजापति, ओम प्रकाश सरोज, रियाज सुलतान, सिटी नगर पंचायत अध्यक्ष मो इमरान, मो0दिलशाद, आशीष शुक्ला, शुभम मिश्र, ओम प्रकाश, रामधन यादव, प्रवीण द्विवेदी, मो0बेलाल, राजू भाई, शहजाद सलमानी, रवि प्रताप सिंह, मो.इदरीसी, महेन्द्र मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## प्रधानों को महात्मा गांधी की प्रतिमा देकर किया गया सम्मानित

**प्रतापगढ़।** गांधी जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत तुलसीसदन (हादीहाल) सभागार में एमएलसी उमेश द्विवेदी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एमएलसी उमेश द्विवेदी ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा अभियान जनपद में चलाया गया जो स्वच्छता पर आधारित था। उन्होने इस अवसर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमेशा स्वच्छता को प्राथमिकता दी है और इसके लिये युद्धस्तर पर कार्य भी किया जा रहा है। जनपद में स्वच्छता ही सेवा-2024 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 सफाई मित्रों, 17 ग्राम प्रधानों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# डीएम ने महात्मा गांधी व शास्त्री की जयन्ती पर श्रद्धासुमन किये अर्पित किये

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कलेक्ट्रेट परिसर में महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर जिलाधिकारी संजीव रंजन, अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा एवं अधिवक्तागण व अन्य सम्भ्रान्त लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों विभूतियों के विचार आज भी प्रासंगिक हैं दोनों ने हमें यह सिखाया है कि अपने अंदर व्याप्त बुराइयों पर दृढ़ इच्छा शक्ति से नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, अधिवक्ता चिन्तामणि पाण्डेय, विवेक उपाध्याय आदि ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा ''रामधुन'' एवं भजन की मनमोहक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम का संचालन एलबीसी पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी देश दीपक सिंह सहित डा0 मो0 अनीस, धर्मेन्द्र ओझा, अधिवक्तागण, कलेक्टेªट के कर्मचारी व अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे। गांधी जयन्ती के अवसर पर विकास भवन, नगर पंचायतों, विकास खण्डों में भी अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। जनपद में देश के दो महापुरूषों राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती भव्यता पूर्वक मनायी गयी।

# गांधी जी के जीवन दर्शन को अपने जीवन में उताएं छात्रः प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने भाषण, वाद-विवाद एवं देश गीत के माध्यम से अपने विचारों को व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मिश्र ने गांधी जी के सिद्धांतों एवं जीवन दर्शन को अपने जीवन में अपनाने और समाज सेवा एवं श्रम के माध्यम से आत्मनिर्भर



एमडीपीजी कालेज में श्रमदान करते शिक्षकगण।

बनने की प्रेरणा दी। डॉ सी एन पांडे ने कहा अनुशासित जीवन एवं संगठित प्रयास सफलता के मूल मंत्र हैं इसलिए इन्हें जीवन में अवश्य अपनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारी डॉ राजेंद्र मिश्र ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रमाधिकारी डॉ रेखा मिश्रा ने गांधी जी के आत्मनिर्भरता के स्वप्न को साकार करने के लिए स्वदेशी रोजगार अपने पर बल दिया। एनएसएस के स्वयं सेवकों शशांक सिंह, शिखर पाल, सक्षम, हर्षिता, श्रेया, प्रज्ञा, प्रिंसी, श्वेता आदि ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ परिसर में साफ सफाई की। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में अमित वत्स, विजय पांडे, देवी प्रसाद, शिव शंकर आदि ने सहयोग किया।

## गांधी जयंती पर पुलिस कर्मियों ने किया रक्तदान



प्रीति कटियार को सम्मानित करते एसपी डॉ अनिल कुमार।

**प्रतापगढ़।** गांधी जयंती के एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर पुलिसकर्मियों ने मानवता की मिसाल पेश की। एसपी के साथ चल रहे एस्कॉर्ट में पुलिस कर्मियों ने रक्तदान किया। जिले की एंटी रोमियो प्रभारी लेडी सिंघम प्रीति कटियार ने भी रक्तदान देकर मानवता की मिसाल पेश की है। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों ने रक्तदान देकर लोगों के जीवन में नई रोशनी देने का काम किया है। इस मौके पर रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों को एसपी डॉ अनिल कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पुलिस के इस अच्छे काम से पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## पुलिस से हुई झड़प में घायल पांच महिलाओं का हुआ मेडिकल

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुलिस टीम और महिलाओं के बीच हुई झड़प में घायल 5 महिलाओं का सीएचसी पट्टी में सीएमओ के आदेश पर मेडिकल कराया गया। प्रतापगढ़ जनपद की पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कुंदनपुर गांव में पुलिस टीम और महिलाओं से झड़प हो गई थी। इस दौरान पांच महिलाओं को भी चोटे आई थी। घटना के बाद पुलिस ने गांव से सात महिलाओं को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था जहां से उन्हें जमानत मिल गई थी। जिसकी शिकायत डीएम से की गई। डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतापगढ़ को घायल महिलाओं का मेडिकल कराने का आदेश दिया था। मंगलवार की शाम सात बजे के आसपास मारपीट में घायल इंद्रावती, रेनू सरोज, मोनी, बबीता, करमैता का मेडिकल सीएचसी पट्टी में सीएमओ के आदेश पर किया गया। महिलाओं ने बताया की पुलिस ने उनके साथ मारपीट की थी। उन्हें जमकर मारा पीटा गया था।

# मलिन बस्तियों की सफाई कर महात्मा गांधी को किया नमन



नगर पालिका परिसर में स्वच्छता की शपथ दिलाते ईओ राकेश कुमार।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नवरात्रि में बेल्हा की आराध्य बेल्हा देवी मंदिर परिसर में आज नगर पालिका ने साफ-सफाई की। बता दें कि कल गुरुवार से यहां नवरात्रि के प्रथम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इसको देखते हुए आज परिसर और घाटों की सफाई में नगर पालिका ने अपनी सफाई कर्मचारियों की फौज लगाई थी। इसके अलावा शहर के दो

### नवरात्रि की तैयारी में बेल्हा देवी परिसर में हुई साफ-सफाई

मलिन बस्तियों कांशीराम कालोनी जोगापुर व कांशीराम कालोनी जीआईसी के बगल में 50 कर्मचारियों को लगाकर साफ-सफाई की गई।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासक/जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देश पर जीआईसी के बगल कांशीराम कालोनी में दो दिन से सफाई की जा रही थी जहां आज कार्य पूरा हो गया। इसके बाद नगर पालिका परिसर में ईओ राकेश कुमार तथा नगर पालिका के कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कर्मचारियों को स्वच्छता की भी शपथ दिलाई गई।

## गांधी जयंती के बताए मार्ग पर चलें छात्र-छात्राएंः प्रबंधक

**अखंड भारत संदेश**



गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्रबंधक।

**प्रतापगढ़।** गांधी जयंती के पावन अवसर पर श्री कृष्ण बालिका विद्यालय में गांधी जयंती एवं शास्त्री जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राम फिर सिंह ने कहा कि हमें गांधी जी के विचारों को आत्मसात करना चाहिए तथा उनके बताए हुए मार्गों पर चलना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद मिश्रा ने कहा कि गांधी जी दो बार प्रतापगढ़ आए। एक बार वह पट्टी तहसील में आंदोलन के समय आए थे तथा दोबारा 1926 में वह काला काकर के राजघराने में आए। उन्होंने बताया कि गांधी जी अहिंसा के पुजारी थे और लोगों को हमेशा लोगों को सत मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते थे। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक भोलानाथ शर्मा ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी देश के नायक थे। शास्त्री जी के विषय में उन्होंने बताया कि वह विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे और परम देशभक्त थे। उक्त अवसर पर मुकुट बिहारी पाल, प्रदीप कुमार यादव, अंकुर श्रीवास्तव, दीपा शर्मा, प्रवेश तिवारी, सतीश भारती, राजेश यादव, प्रीति गुप्ता, इंदिरा सिंह, सलोनी गुप्ता, कुसुम रानी, मनोरमा, छोटेलाल, राम अवध, सुरेश पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# अनियमितताओं पर बिफरे शिक्षक, मांगों को लेकर भरी हुंकार

## प्रायोगिक परीक्षाओं में परीक्षकों की नियुक्ति पुरानी पद्धति से करने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय प्रयागराज से संबद्ध महाविद्यालय शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक पीबीपीजी कालेज सिटी में हुई। प्रतापगढ़, प्रयागराज, कौशांबी व फतेहपुर के 14 अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षक संघों के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। समस्याओं और प्रशासनिक अनियमितताओं पर हुंकार भरते हुए शिक्षकों ने विस्तार से चर्चा की। सभी ने एकजुट होकर आंदोलन का निर्णय लिया।



अनियमितताओं से नाराज पीबीपीजी कालेज के शिक्षकगण।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. संतोष पांडेय और प्रो. अरुण तिवारी ने बीओएस और विद्या परिषद के गठन में वरिष्ठता की अनदेखी और मनमाने चयन पर नाराजगी जताई। प्रो. विवेक निराला और डॉ. राहुल ने कहा कि संघ की चुप्पी शिक्षकों के हितों को नुकसान पहुँचा रही है। डॉ. एस.के.राही व डॉ.अखिलेश सरोज ने प्रायोगिक परीक्षाओं में पुरानी पद्धति से नियुक्ति की माँग की। डा. अनिल यादव व डॉ. नीरज त्रिपाठी ने पेपर वितरण डाक द्वारा करने की मांग रखी।

डॉ. अखिलेश मोदनवाल ने कहा कि नियमित बैठकें और चुनाव न होने से संघ के प्रति विश्वास घट रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप पर राजनीतिक पोस्ट से बचने का सुझाव दिया। प्रसुऑक्टा उपाध्यक्ष डॉ. प्रणव ओझा ने दीक्षांत समारोह में पदाधिकारियों को नजरअंदाज करने पर नाराजगी जताई। सभी को सुनने के बाद प्रसुऑक्टा अध्यक्ष प्रो. पवन पचैरी और महामंत्री डॉ. विपिन कुमार ने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही कुलपति को कार्यकारिणी के साथ ज्ञापन सौंपने का आश्वासन दिया। फुफुक्टा महामंत्री प्रो. पी.के. सिंह व पीबीपीजी कॉलेज इकाई के अध्यक्ष प्रो. ब्रह्मानंद प्रताप सिंह ने शिक्षकों से एकजुट होकर संघर्ष करने की अपील की। अंत मे जिलाध्यक्ष डॉ. शिव प्रताप सिंह ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रो. उपेन्द्र कुमार सिंह, प्रो. आर.के. अग्रहरि, डा.राजीव सिंह,रश्मि सिंह, डॉ. श्रद्धा श्रीवास्तव, डॉ. वंदना सिंह, डा.संजय दुबे, डॉ रंजीत पटेल, डा.देवेश सिंह आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## कम्पनी गार्डेन के मुख्य द्वार से हरिप्रताप सिंह के नाम की पट्टिका हटी, समर्थकों ने जताई नाराजगी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के कम्पनी गार्डेन के मुख्य द्वार पर अध्यक्ष के रुप में लोकप्रिय रहे हरिप्रताप सिंह का नाम की पट्टिका को कल देर शाम नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा हटा दिया गया। बताया जाता है कि कुछ सभासदों के विरोध पर जिलाधिकारी/प्रशासक नगर पालिका के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई है।

बता दें कि विगत 25 वर्षो तक नगर पालिका के अध्यक्ष रहे हरिप्रताप सिंह ने ही कम्पनी गार्डेन का विकास करते हुए सुबह टहलने के लिये पटरियां व बच्चों के खेलने के लिये झूले लगाकर फूल क्यारियों से एक रमणीय स्थल बना दिया था जहां बड़ी संख्या में लोग सुबह शाम आते हैं। दुर्भाग्य से विगत मई माह में नगर पालिकाध्यक्ष रहे हरिप्रताप सिंह की आकस्मिक मृत्यु हो गई। इसके बाद नगर पालिका के प्रशासक का कार्य जिलाधिकारी संजीव रंजन ने संभाला है। बताया जाता है कि दो दर्जन से अधिक सभासदों का समर्थन हरिप्रताप सिंह के साथ रहा है लेकिन दो-चार सभासद उनसे नाराज रहते थे। इन्हीं सभासदों ने प्रशासक जिलाधिकारी से हरिप्रताप सिंह का नाम हटाने की मांग की थी जिस पर जिलाधिकारी के आदेश पर मंगलवार की देर शाम उनके नाम की पट्टिका हटा दी गई। हरिप्रताप सिंह की मृत्यु के बाद अभी चुनाव नहीं हो पाया है। समर्थकों की मानें तो ऐसे में बीच में ही यह कार्यवाही जरुरी नहीं थी। हरिप्रताप सिंह अपने विकास कार्यों से लोकप्रिय रहे। ऐसे में उनका बोर्ड हटने से समर्थकों को धक्का लगा है।

## पालि के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व को बताया गया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान के तत्वाधान में भारत की प्राचीनतम भाषा पालि के संरक्षण व संवर्धन हेतु 17 सितंबर से एक अक्टूबर तक चलाए जा रहे पालि पखवाड़े का समापन हुआ। इस पखवाड़े के बारे में कार्यक्रम संयोजक राकेश कुमार कनौजिया ने बताया कि अनागरिक धम्मपाल की जयंती व विपश्यनाचार्य गुरु सत्यनारायण गोयनका की पुण्यतिथि पर गोष्ठियां आयोजित की गयी जिसमें उनके द्वारा पालि भाषा में किए गए योगदानों पर चर्चा व चिन्तन किया गया साथ ही प्रतिदिन ऑनलाइन परित्राण पाठ से लोगो को जोड़ा गया। पालि भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए क्लासिकल भाषा के रूप में मान्यता देने की भारत सरकार से मांग भी की गई । कक्षाओं को संचालित कर पालि भाषा के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व को बताते हुए आने वाली पीढियां को उन्हें प्रारंभिक पालि लिपि का ज्ञान भी कराया गया। बता दें कि जनपद के पालि भाषा के संवर्धन व संरक्षण के अभियान में लगे धम्म बंधुओ ने मुहिम चलाकर आगामी उ0 प्र0 बोर्ड परीक्षा 2025 में पालि विषय से आवेदन कर परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं जिसमें से आचार्य डॉ0 शिवमूर्ति लाल मौर्य, डा0 दयाराम मौर्य रत्न, बहन लीलावती सरोज, आचार्य उमेश चंद्र, शोभा कनौजिया, आचार्य राजीव अनीता, अंजनी अवधेश सुशील कुमार दद्दू, वेद प्रकाश, डॉक्टर विजय सरोज, दीपशिखा संजय, मनीष रंजन, आर.बी.मौर्य, विजय आरती, रंजू संजय, धर्मराज आदि मौजूद रहे।

# 421 परिषदीय स्कूल निकले फिसड्डी, 40 से कम है छात्र संख्या, तुर्कीनिया समेत कई विद्यालयों की दशा अति दयनीय

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले में स्थित सैकड़ों परिषदीय स्कूलों की दशा बड़ी दयनीय है। यहां छात्र-छात्राओं की संख्या चालीस से भी कम है। यही नहीं तुर्कीनिया समेत कई स्कूल ऐसे भी है जहां बच्चों की संख्या 15 ही है।

शिक्षा विभाग ऐसे सभी विद्यालयों को नोटिस जारी कर कई बिंदुओं पर जवाब दो माह पूर्व ही तलब किया था, लेकिन समय बीतने के बाद भी अभी तक कोई खास परिवर्तन दिखाई नही दे रहा है।

बता दें कि सरकार परिषदीय स्कूलों के हालातों को बेहतर बनाने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रही है, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते कुछ खास परिवर्तन नही दिखाई दे रहा है। हालत यह है कि जिले के 421 परिषदीय स्कूलों की दशा बड़ी ही दयनीय है, यहां छात्र संख्या 40 से भी कम है। इसमें लालगंज के तुर्कीनिया समेत जिले के कई स्कूलों में तो बच्चों की संख्या 15 ही है। बीएसए ने सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, प्रयागराज के निर्देश का अनुपालन करते हुए जिले के समस्त बीईओ को 25 जुलाई को नोटिस देकर उक्त स्कूलों में छात्र संख्या न बढ़ने का कारण, आस-पास में कितने मान्यता प्राप्त स्कूल है और कितने बिना मान्यता के है समेत कई बिंदुओं पर जवाब मांगा था। नोटिस जारी हुए लगभग दो माह बीत गए, लेकिन अभी तक छात्र संख्या में कोई खास बढ़ोत्तरी नही दिखाई दे रही है। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया की जारी नोटिस का जवाब भेज दिया गया है। सुधार न होने पर ऐसे स्कूलों को पास के या फिर न्याय पंचायत के विद्यालयों में मर्ज किया जाएगा।

## बाबागंज में दो ही है छात्र, परिषदीय स्कूलों से बच्चों का हो रहा है मोह भंग

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र स्थित बाबागंज में तो छात्रों की संख्या महज दो ही है। वहीं सडवाचंदिका के डडैला में 6 ही बच्चे है।अब इसे क्या कहा जाए विभागीय लापरवाही या फिर कुछ और? वहीं कन्वेंट स्कूलों में अधिकांश अध्यापक परिषदीय अध्यापकों से कम योग्य है और वेतन भी उनके दस अनुपात ही है फिर भी वहां बच्चों की भरमार है वहीं परिषदीय स्कूलों से बच्चों का मोह भंग होता हुआ दिखाई दे रहा है। इसकी वजह कहीं न कहीं से अध्यापकों की लापरवाही को दर्शाता है।

# महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर डीएम ने अर्पित किया श्रद्धासुमन

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया तथा उदयन सभागार में महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी श्री अरूण कुमार गोंड व श्री प्रबुद्ध सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गॉधी का पूरा जीवन देश के लिए समर्पित रहा हैं। महात्मा गॉधी जी ने देश एवं विश्व को संदेश दिया कि बिना हिंसा के भी देश को आजादी दिलायी जा सकतीं हैं। हम सबको महात्मा गॉधी जी के आदर्शों, सिद्धान्तों एवं दर्शन का अनुसरण करना चाहिए।महात्मा गॉधी जी ने सभी को साथ लेकर देश को एकता के सूत्र में बॉधा, जिसका परिणाम है कि भारत आजादी के इतने वर्ष बाद आज भी एकजुट है। उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन सादगी भरा जीवन है, उनका देश के विकास में अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि कहा कि देश के स्वतन्त्रता सेनानियों ने सपना देखा था, कि देश में अन्तिम से अन्तिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी खुश एवं उसके चेहरे पर मुस्कान बनी रहें, हम लोग शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को लाभान्वित करने का कार्य निरन्तर करते रहें, यही स्वतन्त्रता सेनानियों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने उदयन सभागार में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जनपद में टीबी मुक्त घोषित 27-ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधाना जनमेजय सिंह ग्राम प्रधान-बिलासपुर, श्रीमती रामदुलारी गिरिया खालसा, अनीता भारतीय सैबसा, सुमन देवी जमदुआ, मालती देवी शाहपुर टिकरी धनराज धनपरा, श्रीमती राजदा बेगम नादेमई, सरिता देवी कानेमई वीरेन्द्र सिंह हिसामपुर माढ़ो रणजीत सिंह चक कोरियों पुरे फैज, श्रीमती खुश्नुमा बेगम ननमई, श्रीमती शीला देवी त्रिलोकपुर मनोज कुमार ऐगवा रमाकान्त त्रिपाठी उमरछा महेन्द्र सिंह उदाथू, श्रीमती ऊषा देवी कुराई, रानी गौरा, पिंकी सरोज उमरावल रामसजीवन पौर कांशीरामपुर, ऊषा अशोक द्विवेदी हटवा अब्बासपुर जगमोहन अजरौली, मंजू देवी भगवतपुर, नगमरूही परवीन मकनपुर वारी दुर्गा प्रसाद बिछौरा, पूजा देवी इचौली, खुशीर्दा बानों बघेलापुर उपरहार एवं सोनेलाल उलाचूपुर को मोमेण्टों एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती के अवसर पर जनपद में अन्य राजकीय भवनों, कार्यालयां एवं विद्यालयों पर भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा कार्यालयां, विद्यालयों व अन्य संस्थाओं में पूज्य बापू महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पणकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके साथ ही महात्मा गांधी जी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, जीवन-मूल्यों, अन्त्योदय की अवधारणा तथा राष्ट्रीय एकता व अखण्डता पर प्रकाश डाला गया।

**जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में साफ-सफाई कर स्वच्छता का दिया संदेश**

**जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जनपद में टीबी मुक्त घोषित 27-ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानां को मोमेण्टों एवं प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित**

## नगर पालिका भरवारी में गांधी जयंती पर कर्मचारियों को किया गया सम्मानित



**भरवारी कौशाम्बी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद भरवारी में नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ने ध्वजारोहन कर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया।कार्यक्रम में उपस्थित सभासदों ,सभासद प्रतिनिधियों एवम संभ्रांत नागरिकों द्वारा महात्मा गांधी के जीवन संघर्ष, उनकी देश सेवा, उनके जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। तदोपरान्त 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की थीम स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता में एक पेड़ मां के नाम के अन्तर्गत वृक्षारोपण किया गया तथा 155 घंटे महा सफाई अभियान के अन्तर्गत सफाई कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सफाई मित्रों एवं सफाई नायकों को सम्मानित किया गया।उपरोक्त कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी रामसिंह , लेखा लिपिक बबलू गौतम, वार्ड के सभासद सभासद प्रतिनिधि मनीष कुशवाहा, तुषार केसरवानी,विराट गुप्ता एवं निकाय के कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

**कौशाम्बी।** जनपद न्यायाधीश अनुपम कुमार के निर्देशन पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में कृषक इण्टर कालेज हिनौता में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल की अध्यक्षता मे वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार विषय पर साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनमानस को उनके अधिकारों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदत्त सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। वन स्टॉप सेन्टर शशि त्रिपाठी द्वारा उनके विभाग द्वारा द्वारा चलायी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। चीफ लीगल एड काउन्सिल द्वारा विभागों द्वारा चलाये जा रहें पेंशन और अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। शिविर में अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव, श्रीमती पूर्णिमा प्रांजल, चीफ लीगल एड काउन्सिल अमित कुमार मिश्रा, प्रबन्धक वन स्टॉप सेन्टर, शशि त्रिपाठी, पीएलवी संदीप कुमार सरोज एवं स्कूल के अन्य शिक्षक एंव कर्मचारी उपस्थित रहें।

## सड़क पर लगा रखी नाई की दुकान में घुसी अनियंत्रित डीसीएम एक की मौत दो घायल

अखंड भारत संदेश





**महगाव कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे के चंदवारी मोड़ के पास पितृ विसर्जन के दिन सड़क की पटरी पर एक नाई ने बेंच कुर्सी लगाकर बाल काटने की दुकान खोल ली जिससे सड़क और पटरी पर बाल कटिंग कराने वालों की भीड़ लग गई इसी बीच एक डीसीएम चालक अचानक घुसे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर नाई की सड़क पर लगी दुकान में पलट गई जिससे दुकान में बाल बनवाने गए एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई है और इस हादसे में दो लोग गंभीर घायल हो गए हैं सवाल उठता है कि सड़क पर कुर्सी मेज बेंच रखकर नाई को दुकान लगाने की किसने इजाजत दी थी जो हादसा का कारण बन गया है।

जानकारी के मुताबिक गांधी जयंती 2 अक्टूबर के दिन पितृ विसर्जन होने के चलते दाढ़ी बाल कटिंग के लिए नाई की दुकान में लोगों की भीड़ लग रही थी इसी बीच मूरतगंज कस्बे के चंदवारी मोड़ के पास मुजाहिद पुर के रहने वाले एक नाई ने सड़क की पटरी पर कुर्सी मेज बेंच रखकर दुकान लगा लिया दुकान खुली बाल कटिंग और दाढ़ी बनवाने वालों की दुकान में भीड़ लग गई देखते-देखते पटरी से सड़क तक लोगों का मजमा लग गया लोगों की साइकिल और मोटरसाइकिल सड़क तक खड़ी हो गई इसी बीच सड़क से जा रहा एक बाइक सवार गलत दिशा से अचानक बीच सड़क पर घुस आया बाइक को बचाने के चक्कर में डीसीएम चालक अनियंत्रित हो गया और हड़बड़ाहट में आपात कालीन तेज ब्रेक लगाने से डीसीएम सड़क किनारे नाई की दुकान के पास पलट गया जिससे दुकान में बैठे राजेश कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष की मौत हो गई है हादसे में भारत लाल व अनोखे लाल पुत्रगण सजीवन निवासी भीखमपुर थाना संदीपन घाट दो लोग गंभीर घायल हैं दुर्घटना होते ही मदद करने के बजाए नाई दुकान छोड़कर फरार हो गया है मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर लोगों की भीड़ लग गई पुलिस और एंबुलेंस मौके में पहुंची घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही हादसे से प्रभावित लोगों के परिवार के लोग भी रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

### मुआवजा की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

**महगाव कौशांबी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज के चंदवारी मोड़ के पास डीसीएम पलट जाने से हादसा होने के बाद सड़क पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है और मुआवजे की मांग को लेकर के ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया एक नेता के समर्थन पर सैकड़ो ग्रामीणों ने जमकर बवाल काटा जिससे सड़क का यातायात दोनों तरफ काफी दूर तक बाधित हो गया है सूचना पाकर मौके पर पुलिस फोर्स पहुंची है और भीड़ को समझा बुझा करके डंडा पटक करके भीड़ को मौके से हटा दिया है उसके बाद चक्का जाम समाप्त हुआ है काफी देर तक रोड पर आवागमन बाधित था।

## रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ स्कूल्स भरवारी में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान आयोजित



**भरवारी कौशाम्बी** रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी संस्थान कौशाम्बी प्रेसिडेंसी स्कूल कॉलेज भरवारी एवं भीटी, एन .डी.कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज भरवारी, रिद्धि सिद्धि कॉलेज,रिद्धि सिद्धि अकादमी में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर विशेष स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने मिलकर स्कूल परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में सफाई की।कार्यक्रम की शुरूआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ की गई। इसके बाद छात्रों ने स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली निकाली। संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और गांधी जी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल स्कूलों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे हम सभी को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।इस अभियान के तहत सभी छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर न केवल स्कूल परिसर की सफाई की, बल्कि आसपास के इलाकों में भी स्वच्छता का संदेश फैलाया। बच्चों ने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने घरों में भी स्वच्छता का पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने पोस्टर और निबंध लेखन के माध्यम से स्वच्छता का महत्व उजागर किया।रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ स्कूल्स का यह सफाई अभियान, छात्रों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और गांधी जी के स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस अवसर पर संस्थान की डॉयरेक्टर श्रीमती सीमा पवार, डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा, प्राचार्य डॉ एस पी सिंह, कोऑर्डिनेटर नितेश कुमार, विजय कुमार, शशांक श्रीवास्तव, सौरभ सिंह, कुसुद्वज, रिंकी त्रिपाठी, दीपम शुक्ला, अमित मौर्य, नेहा यादव, अनंत कुमार, आनंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## गांधी शास्त्री को माल्यार्पण कर कांग्रेस ने निकाली प्रभात फेरी



**कौशाम्बी।** नगर पंचायत चरवा के इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राम बहादुर त्रिपाठी की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रभात फेरी निकाली गई,साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री स्व० लाल बहादुर शास्त्री जी एवं मसुरियादीन पासी जी के जयंती के अवसर पर महापुरुषों को याद किया गया।प्रभात फेरी इंटर कॉलेज से दलित बस्ती होते हुए चरवा चौराहा होते हुए पुनः उसी मार्ग से इंटर कॉलेज में आकर समाप्त हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा कि हमारे राष्ट्रपिता द्वारा बिना अस्त्र शास्त्र के अहिंसा से अंग्रेजो का पसीना छुड़ाने वाले ऐसे महापुरुष के दिखाए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर आज पूरा विश्व उन्हे नमन करता है इस मौके पर यूथ कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष अल्कमा उस्मानी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए प्रमुख आंदोलनों में से, 1917 चंपारण सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन 1942 प्रमुख आंदोलन पर सभा में प्रकाश डालो इस कार्यक्रम में दीपक पांडे बाबू जी सुरेंद्र शुक्ला हेमंत रावत महेंद्र कुमार मिश्रा, कैलाश केसरवानी,अमित सरोज, राकेश पाल,अजय कुमार पांडेय, संजीत कुशवाहा, सचिन पाण्डेय, नुरूत जमा, श्याम सिंह भदौरिया, समर कोइलहा, राम प्रकाश पंडा, राकेश पासी ,गुड्डू रैदास ,आलोक त्रिपाठी, उज्वल उपाध्याय, किशन त्रिपाठी, धीरज शुक्ला आदि समेत सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## भवंस मेहता महाविद्यालय में मनाई गई गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती



**भरवारी कौशाम्बी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में 2 अक्टूबर के उपलक्ष्य में गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का कार्यक्रम चलाया गया था। पखवाड़े के अंतिम दिन आज गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली और स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर एवं महाविद्यालय परिसर स्थित जलाशय की सफाई की।आज एन.सी.सी. के छात्र-छात्राओं ने भी महाविद्यालय के एन. सी. सी. आधिकारी डॉ. दीपक कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर के सफाई की। इन स्वच्छता अभियान के समापन के बाद महाविद्यालय के कक्ष संख्या 2 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वतंत्र भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. प्रबोध श्रीवास्तव ने माला पहनाया एवं पुष्पांजलि अर्पित की उसके बाद शिक्षको , शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने इन महापुरुषों के चित्रों पुष्पांजलि अर्पित किया गांधी और शास्त्री जी पर अयोजित विचार गोष्ठी कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रपिता गांधी पर अपने विचार को व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के इतिहास के प्रोफेसर मोहम्मद आदिल ने ऐतिहासिक तथ्यों का उल्लेख करते हुए गांधी के जीवन और दर्शन पर प्रकाश डाला और आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक बताया। उसके बाद महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार अग्रहरी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए कहा कि हमें इन महापुरुषों से सीख लेनी चाहिए और अपने जीवन में इनके आदर्शों को अपनाना चाहिए ।इसके बाद महाविद्यालय के हिंदी के प्राध्यापक डॉ .सी.पी. श्रीवास्तव ने गांधी जी एवं स्वतंत्र भारत के द्वितीय प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी एक ऐसे नेता थे जिनके कथनी और करनी में साम्य था। वह पूरी मानवता के लिए जीते रहे और उन्होंने उस ब्रिटिश सत्ता से भारत को मुक्ति दिलाई जिसके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता था। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन को एक अनुकरणीय जीवन माना और उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रप्रेम की चर्चा की, जो आज के समय में अत्यंत दुर्लभ होती जा रही है।इसके बाद महाविद्यालय के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ.राहुल कुमार राय ने

## न्यूज झरोखा

### जनमानस को दिलायी गयी सड़क सुरक्षा की शपथ



**कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम 02 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2024 तक एवं महात्मा गाँधी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के उपलक्ष्य में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर मुख्य अतिथि की अध्यक्षता में उप सम्भागीय झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा आम जनमानस को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के पम्पलेट वितरित किये गये। उक्त कार्यक्रम में लोगों को यातायाम नियमों के बारे में अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गयी। ताकि सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा एवं हर सफर सुरक्षित सफर की अवधारणा को चरितार्थ किया जा सके। उक्त कार्यक्रम में हरवंश सिंह अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सच्चिदानन्द यादव जिला विद्यालय निरीक्षक कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा बेसिक शिक्षा अधिकारी तारकेश्वर मल्ल सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी एवं डॉ0 सन्तोष कुमार तिवारी, यात्री मालकर अधिकारी बस टैम्पो टैक्सी यूनियन के पदाधिकारीगण एवं जनपद के सम्मानितगण बस संचालक, टैम्पो संचालक एवं आम जनमानस सम्मिलित हुए।

### गांधी जयंती पर सभासद आर्य वीर ने किया साफ सफाई



**कौशांबी।** गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को नगर पालिका मंझनपुर के सभासद आर्यवीर ने ओसा गांव और उसके आसपास साफ सफाई किया है इस दौरान उनके साथ कई अन्य ग्रामीण भी साफ सफाई में शामिल रहे इस मौके पर उन्होंने महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के बारे में चर्चा करते हुए लोगों से सत्यता के मार्ग पर चलने का आवाहन किया उन्होंने कहा कि देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से सीख लेने की हमें जरूरत है

### न्यायाधीश का चौधरी रेस्टोरेंट में हुआ स्वागत कार्यक्रम



**अझुवा कौशांबी** इलाहाबाद हाईकोर्ट के सम्मानित न्यायधीश डॉ .गौतम चौधरी का चौधरी रेस्टोरेंट में स्वागत किया गया आयोजक विमलेश चौधरी और दीपक माले ने बताया न्यायधीश महोदय किसी कार्य से फतेहपुर गए थे वापस लौटते समय कनवार बॉर्डर पर स्थित चौधरी रेस्टोरेंट में नगर पंचायत के सम्मानित लोगों ने स्वागत सत्कार किया है ,न्यायधीश महोदय द्वारा हिंदी में 21 हजार निर्णय देने का कीर्तिमान स्थापित है।स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से महेंद्र सिंह,पूर्व चेयर मैन राजाराम वैश्य,उदय अग्रहरी,फैसल हसन,प्रदीप साहू,प्रधान प्रतिनिधि कनवार मेवालाल चौधरी,हेमंत टुन्नु प्रेम निर्मल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे हैं।

### पत्रकार के भाई की हार्ट अटैक से मौत पर दुख



**कौशाम्बी** अखण्ड भारत अखबार के पत्रकार पुष्पेंद्र कुमार उर्फ नेता तिवारी निवासी कोरीपुर बैरमपुर पश्चिम शरीरा के भाई बालकरन तिवारी उम्र 55 वर्ष की राजस्थान के दौसा जिला में ड्यूटी के दौरान अचानक हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। मौत की जानकारी जैसे ही घर परिवार को लगी परिवार में कोहराम मच गया है उनका शव गुरुवार को उनके पैतृक गांव कोरीपुर पहुंच गया है जहां अश्रुपूरित नेत्रों से सैकड़ो लोगों ने उनका अंतिम संस्कार किया है पत्रकार के भाई की मौत पर पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त कर मृतक आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की है भगवान इस दुख की घड़ी में परिवार के लोगो को सहन शक्ति प्रदान करे।

### बापू और शास्त्री की मनाई गई जयंती, ध्वजा रोहण कर नगर अध्यक्ष ने किया श्रमदान,सफाई कर्मियों को किया सम्मानित



**अझुवा कौशांबी** नगर पंचायत अझुवा में गांधी जयंती और शास्त्री जयंती मनाया गया ध्वजारोहण किया गया नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया इस बीच बड़ी संख्या में सभासद और नगर पंचायत कार्यालय कर्मी,सफाई कर्मी मौजूद रहे कार्यालय प्रांगड़ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ जहां लोगों द्वारा तैल चित्रों पर पुष्पार्चन किया गया।गांधी जी के जीवन चरित्र पर चलने का आह्वान किया गया ।तत्पश्चात सम्मान समारोह कार्यशाला का आयोजन हुआ नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर के चयनित किए गए 3 स्वच्छ घरों के स्वामी प्रशांत केसरवानी,फूलचंद्र केसरवानी को माल्यार्पण कर प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।स्वच्छ घरों के चयन में अनिल( बाबा)केसरवानी का भी नाम था लेकिन कार्यक्रम के मौके पर अनिल केसरवानी नहीं पहुंच सके हैं ।वहीं नगर पंचायत के सफाई कर्मियों में 2 सफाई कर्मी वीरेंद्र कुमार वार्ड नंबर 11 में कार्यरत और सफाई कर्मी संगीता देवी वार्ड नंबर 10 में कार्यरत को उनके उत्कृष्ट सफाई कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा ने संकरा बाबा धार्मिक स्थान पर पहुंचकर श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पद चिन्हों पर चलने और राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने की तथा नगर पंचायत अझुवा को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया गया है इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी ओमप्रकाश कुशवाहा,लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सभासद रामबाबू मोदनवाल सभासद फूलचंद केसरवानी सभासद शत्रुघन कुमार गुप्ता सहित तमाम सभासद मौजूद रहे।

### किडनी जैसे तमाम बीमारियों से ग्रसित मरीज का बृजेश मेमोरियल अस्पताल में किया जाएगा मुफ्त इलाज

**भरवारी कौशाम्बी।** बृजेश मेमोरियल अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक कमलेश केशरवानी के बेटे चिकित्सक मयंक ने कहा कि मेरे पिता डॉक्टर कमलेश की मौत किडनी की बीमारी के चलते हुई थी तो क्यों न इस बीमारी के साथ साथ तमाम गंभीर बीमारियों को उक्त तिथि 3 अक्टूबर को मरीजों के लिए बिल्कुल मुफ्त इलाज किया जाएगा 'जिसकी देखभाल लखनऊ के डॉक्टर एन के गुप्ता एम बी बी एस एम एस यूरोलॉजी के द्वारा गुर्दा संबंधित मूत्रालय रोग से संबंधित की जाएगी। डॉ मयंक अपनी पढ़ाई कर वापस भरवारी आने के बाद से दिन प्रतिदिन नए नए प्रयोग भरवारी जैसी जगह में हर बीमारी के डॉक्टर को उपस्थित कर मरीजों की बीमारी को दूर करने का प्रयास कर रहें हैं जिससे कस्बा भरवारी वासियों सहित जनपद वासियों के लिए वरदान से कम नही साबित हो रहा हे जिसकी तारीफ लाचार मजबूर गरीब जनता सहित कस्बा वासियों में एक नई खुशी एवम भरोसा मिल गया है 4 वर्ष पूर्व 3-10-2020 को बृजेश मेमोरियल अस्पताल (इटल्ह) एवं ट्रॉमा सेंटर के संस्थापक डॉ० कमलेश केशरवानी का स्वर्गवास हो गया था। डॉ० कमलेश पिछले कई वर्षों से गुर्दे के रोग से पीड़ित थे। खुद इस बीमारी से संघर्ष करते हुए भी डॉ. कमलेश की हमेशा यही आकांक्षा रहती थी कि वे दूसरों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करें एवं इस गंभीर बीमारी से बचने के उपाय लोगों में साझा कर सकें। डॉक्टर कमलेश की स्मृति में कल 03- अक्टूबर 2024 को उनकी चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर अस्पताल द्वारा गुर्दा संबंधित रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने और जन कल्याण के त्लिए एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। सभी गुर्दा संबंधी जांचें एवं अन्य जांचे पूर्णतया निःशुल्क की जायेंगी। इसके साथ ही गुर्दा और मूत्राशय रोग विशेषज्ञ डॉ. एन के गुप्ता द्वारा किडनी से ग्रसित लोगों को निःशुल्क परामर्श भी प्रदान किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# गांधी को भूलने से बार-बार इंकार करता हुआ भारत

**एक पुष्ट** संसदीय लोकतंत्र हो या संविधान अथवा फिर आरक्षण- यह सारा कुछ भारत को गांधीजी के मरने के बाद ही मिला। तो भी इनमें गांधी के प्राण बसते हैं और उनकी आत्मा का निवास है। दक्षिण अफ्रीका से शुरू हुआ रंगभेद के खिलाफ उनका आंदोलन एक तरह से लोकतंत्र की ही लड़ाई थी, समानता का संदेश था और एक ऐसी व्यवस्था की जरूरत को प्रतिपादित करता था।

जिस प्रकार से लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण जैसे मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी भारत को हमेशा भ्रमित रखना चाहती है, उसी तरह वह गांधी को लेकर नये भारत को असमंजस में डालने की कोशिश करती है। इस भ्रम को फैलाने के अभियान की अगुवाई स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। यह अलग बात है कि इस प्रक्रिया में वे खुद ही सर्वाधिक असमंजस में हैं। चूंकि गांधी के व्यक्तित्व के बरक्स मोदी पासंग भी नहीं हैं तथा बापू का नैसर्गिक आभामंडल मोदी की कृत्रिम चकाचौंध को फीका करता है, मोदी चाहते हैं कि भारत गांधीजी को भूल जाये। उनका दुर्भाग्य कि पिछले 10-11 वर्षों की उनकी अथक मेहनत के बावजूद भारत गांधी को भूलने से बार-बार इंकार करता रहा है। जिस विचारधारा के मोदी प्रतिनिधि हैं वह गांधी के खिलाफ तभी से विद्यमान है जब वे दक्षिण अफ्रीका से लौटे थे- कुछ और पहले से। उनके भारत आगमन के कुछ आगे-पीछे एक ऐसी विचारधारा पनप रही थी जो आजादी के बाद भारत को एक आधुनिक देश बनाने की बजाय मध्ययुगीन समाज की ओर लौटाना चाहती थी। महात्मा गांधी और उनके नेतृत्व में कांग्रेस ने उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। स्वतंत्रता किस तरह से हासिल करनी है और आजाद भारत किस दिशा में बढ़ेगा- इसका ब्लू प्रिंट बापू के पास 'हिंद स्वराज्य' के रूप में बना-बुनाया था। इसलिये आजादी के आंदोलन का नेतृत्व करने के लिये जनता ने महात्मा गांधी और कांग्रेस की वैचारिकी को चुना था। लोग देख रहे थे कि जो विचारधारा गांधी विरोधियों की है वह समावेशी नहीं है और उसका असली उद्देश्य अंग्रेजों के जाने के बाद देश की सामाजिक व्यवस्था को कुछ लोगों के हाथों में सौंप देना था जो एक सामंती व्यवस्था के जरिये ही सम्भव था। इसलिये उसे बचाने के लिये अंग्रेजों के खिलाफ इस विचारधारा की लड़ाई कालांतर में फिरंगियों के अप्रत्यक्ष समर्थन में बदल गई। लोगों ने कोई गलती नहीं की और स्वतंत्र भारत की सत्ता सौंपी उसी संगठन को जिसने स्वतंत्रता की लड़ाई का नेतृत्व किया था। 2014 में भारतीय जनता पार्टी को सत्ता मिली, तो उसने आजादी के बाद देश का जो पुनर्निर्माण हुआ, उससे कुछ सीखने की बजाय छह दशकों की संचित अपनी खीज और कुंठा को निकालना शुरू किया। मोदी ने लोगों को बताया कि 'इतने समय तक देश ने कुछ हासिल नहीं किया।' दरअसल मोदी उस पीढ़ी का नेतृत्व कर रहे हैं जो मानता है कि 'भारत को असली आजादी 2014 के बाद मिली है'; या, 'देश स्वतंत्र नहीं हुआ है बल्कि अंग्रेज उसे 99 वर्षों की लीज पर दे गये हैं'। मोदी इसी नये भारत के नेता हैं, जिनके अनुसार '2014 के पहले आदमी भारत में जन्म लेने पर पछताता था।

# महाराजा अग्रसेन समाजवादी व्यवस्था के महासूर्य

-: ललित गर्ग :-

**कुशल शासकों** की कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती। उनका लोकहितकारी चिन्तन कालजयी होता है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। ऐसे शासकों से न केवल जनता बल्कि सभ्यता और संस्कृति भी समृद्ध और शक्तिशाली बनती है। ऐसे शासकों की दृष्टि में सर्वोपरि हित सत्ता का न होकर समाज एवं मानवता होता है। ऐसे ही महान् शासक थे महाराजा अग्रसेन। वे कर्मयोगी लोकनायक तो थे ही, संतुलित एवं आदर्श समाजवादी व्यवस्था के निमार्ता भी थे। वे समाजवाद के प्रणेता, गणतंत्र के संस्थापक, अहिंसा के पुजारी व शांति के दूत थे। सचमुच उनका युग रामराज्य की एक साकार संरचना था जिसमें उन्होंने अपने आदर्श जीवन कर्म से, सकल मानव समाज को महानता का जीवन-पथ दशार्या। उस युग में न लोग बुरे थे, न विचार बुरे थे और न कर्म बुरे थे। राजा और प्रजा के बीच विश्वास जुड़ा था। वे एक प्रकाश स्तंभ थे, अपने समय के सूर्य थे जिनकी जन्म जयन्ती हर वर्ष 1 अक्टूबर को मनाई जा रही है।

महाराजा अग्रसेन अग्रवाल जाति के पितामह थे। धार्मिक मान्यतानुसार इनका जन्म अश्विन शुक्ल प्रतिपदा को मयार्दा पुरुषोतम भगवान श्रीराम की चैंतीसवी पीढ़ी में सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के प्रतापनगर के महाराजा वल्लभ सेन के घर में द्वापर के अन्तिमकाल और कलियुग के प्रारम्भ में आज से लगभग 5187 वर्ष पूर्व हुआ था। वर्तमान में राजस्थान व हरियाणा राज्य के बीच सरस्वती नदी के किनारे प्रतापनगर स्थित था। राजा वल्लभ के अग्रसेन और शूरसेन नामक दो पुत्र हुये। अग्रसेन महाराज वल्लभ के ज्येष्ठ पुत्र थे। महाराजा अग्रसेन के जन्म के समय गर्ग ऋषि ने महाराज वल्लभ से कहा था, कि यह बहुत बड़ा राजा बनेगा। इसके राज्य में एक नई शासन व्यवस्था उदय होगी और हजारों वर्ष बाद भी इनका नाम अमर होगा।

महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है। अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले व्यक्ति की सहायता के लिए नगर का प्रत्येक निवासी उसे एक रुपया व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से उसके लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध हो जाए। महाराजा अग्रसेन ने एक नयी व्यवस्था को जन्म दिया, उन्होंने पुनः वैदिक सनातन आर्य संस्कृति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य की पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुनः प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया।

महाराज अग्रसेन ने 108 वर्षों तक राज किया। महाराज अग्रसेन ने एक ओर हिन्दू धर्म ग्रंथों में वैश्य वर्ण के लिए निर्देशित कर्म क्षेत्र को स्वीकार किया और दूसरी ओर देशकाल के परिप्रेक्ष्य में नए आदर्श स्थापित किए। उनके जीवन के मूल रूप से तीन आदर्श हैं- लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरूपता एवं सामाजिक समानता। एक निश्चित आयु प्राप्त करने के बाद कुलदेवी महालक्ष्मी से परामर्श पर वे आग्रेय गणराज्य का शासन अपने ज्येष्ठ पुत्र के हाथों में सौंपकर तपस्या करने चले गए। व्यक्ति, समाज, राष्ट्र तथा जगत की उन्नति मूल रूप से जिन चार स्तंभों पर निर्भर होती हैं, वे हैं- आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक। अग्रसेनजी का जीवन-दर्शन चारों स्तंभों को दृढ़ करके उन्नत विश्व के नवनिर्माण का आधार बना है। लेकिन इसे समय की विडम्बना ही कहा जायेगा कि अगणित विशेषताओं से संपन्न, परम पवित्र, परिपूर्ण, परिशुद्ध, मानव की लोक कल्याणकारी आभा से युक्त महामानव महाराज अग्रसेन की महिमा से अनभिज्ञ अतीत से वर्तमान तक के कालखण्ड ने उन्हें एक समाज विशेष का कुलपुरुष घोषित कर उनके स्वर्णिम इतिहास को हाशिए पर डाल दिया है। वर्तमान में भी उनके वंशजों की बड़ी तादाद होने और राष्ट्र के निर्माण में उनका सर्वाधिक योगदान होने के बावजूद न तो उस महान् शासक को और न ही उनके वंशजों को सम्मानपूर्ण प्रतिष्ठा प्राप्त हो पा रही है।

अग्रसेनजी सूर्यवंश में जन्मे। महाभारत के युद्ध के समय वे पन्द्रह वर्ष के थे। युद्ध हेतु सभी मित्र राजाओं को दूतों द्वारा निमंत्रण भेजे गए थे। पांडव दूत ने वृहत्सेन की




महाराज पांडु से मित्रता को स्मृत कराते हुए राजा वल्लभसेन से अपनी सेना सहित युद्ध में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया था। महाभारत के इस युद्ध में महाराज वल्लभसेन अपने पुत्र अग्रसेन तथा सेना के साथ पांडवों के पक्ष में लड़ते हुए युद्ध के 10वें दिन भीष्म पितामह के बाणों से बिंधकर वीरगति को प्राप्त हो गए थे। इसके पश्चात अग्रसेनजी ने ही शासन की बागडोर संभाली। उन्होंने बचपन से ही वेद, शास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, राजनीति और अर्थ नीति आदि का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उनका विवाह नागों के राजा कुमुद की पुत्री माधवी से हुआ।

महाराजा अग्रसेन ने ही अग्रोहा राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने कुशलतापूर्वक राज्य का संचालन करते हुए विस्तार किया तथा प्रजा हित में काम किए। वे धार्मिक प्रवृत्ति के पुरुष थे। धर्म में उनकी गहरी रुचि थी और वह साधना में विश्वास करते थे इसलिए उन्होंने अपने जीवन में कई बार कुलदेवी लक्ष्मीजी से यह वरदान प्राप्त किया कि जब तक उनके कुल में लक्ष्मीजी की उपासना होती रहेगी, तब तक अग्रकुल धन व वैभव से सम्पन्न रहेगा। उनके 18 पुत्र हुए, जिनसे 18 गोत्र चले। गोत्रों के नाम गुरुओं के गोत्रों पर रखे गए।

महाराज अग्रसेन ने समाजवादी शासन व्यवस्था की स्थापना की, जिसमें किसी भी व्यक्ति की कोई आर्थिक हानि होती तो वह राजा से ऋण ले सकता था। सम्पन्न होने पर वापस दे देता था। महाराजा अग्रसेन ने 18 यज्ञ किए क्योंकि ब्राह्मण लोग अति संतोषी, यजमान के सिवाय दूसरे का दान न लेने वाले होते थे। यज्ञों द्वारा उनकी धन आदि की इच्छा पूरी हो जाती थी। हर व्यक्ति भगवान के नाम पर अपने राज्य और धार्मिक कार्यों के लिए अपनी आमदनी का दसवां भाग निकालता था। राज्य का हर व्यक्ति अपनी आजीविका अन्य साधनों या किसी व्यापार द्वारा करते थे परन्तु राष्ट्र पर विपत्ति आने के समय सब वर्ग के लोग हथियारों से युद्ध को तैयार हो जाते थे। समाज व्यववस्था उनके लिए कर्तव्य थी, इसलिए कर्तव्य से कभी पलायन नहीं किया तो धर्म उनकी आत्मनिष्ठा बना, इसलिए उसे कभी नकारा नहीं। महाराजा अग्रसेनजी की इसी विचारधारा का ही प्रभाव है कि आज भी अग्रवाल समाज शाकाहारी, अहिंसक एवं धर्मपरायण के रूप में प्रतिष्ठित है। उस समय यज्ञ करना समृद्धि, वैभव और खुशहाली की निशानी माना जाता था। महाराज अग्रसेन ने बहुत सारे यज्ञ किए। एक बार यज्ञ में बली के लिए लाए गये घोड़े को बहुत बेचैन और डरा हुआ पा उन्हें विचार आया कि ऐसी समृद्धि का क्या फायदा जो मूक पशुओं के खून से सराबोर हो। उसी समय उन्होंने पशु बली पर रोक लगा दी। इसीलिए आज भी अग्रवंश समाज हिंसा से दूर ही रहता है। उनकी दण्डनीति और न्यायनीति आज प्रेरणा है उस संवेदनशून्य व्यक्ति और समाज के लिए जो अपराधीकरण एवं हिंसक प्रवृत्तियों की चरम सीमा पर खड़ा है। व्यक्तित्व बदलाव का प्रशिक्षण अग्रसेनजी की बुनियादी शिक्षा थी। आज की शासन-व्यवस्थाएं अग्रसेनजी की शिक्षाओं को अपनाकर उन्नत समाज का निर्माण कर सकती है।

अग्रसेनजी ने राजनीति का सुरक्षा कवच धर्मनीति को माना। राजनेता के पास शस्त्र है, शक्ति है, सत्ता है, सेना है फिर भी नैतिक बल के अभाव में जीवन मूल्यों के योगक्षेम में वे असफल होते हैं। इसीलिये उन्होंने धर्म को जीवन की सर्वोपरि प्राथमिकता के रूप में प्रतिष्ठापित किया। इसी से नये युग का निर्माण, नये युग का विकास वे कर सके। उनके युग का हर दिन पुरातन के परिष्कार और नए के सृजन में लगा था। सभ्यता, संस्कृति और संस्कारों के नए संदर्भ जुड़े। परम्परा प्रतिष्ठित हुई। रीति-रिवाजों का स्वरूप सामने आया। सबको काम, अर्थ, धर्म, मोक्ष की पुरुषार्थ चतुष्टयी की सार्थकता दिखलाई।

महाराज अग्रसेन के राज की वैभवता से उनके पड़ोसी राजा बहुत जलते थे। इसलिये वे बार-बार अग्रोहा पर आक्रमण करते रहते थे। बार-बार हार के बावजूद वे अग्रोहा पर आक्रमण करते रहे, जिससे राज्य की जनता में तनाव बना ही रहता था। इन युद्धों के कारण अग्रसेनजी के प्रजा की भलाई के कामों में विघ्न पड़ता रहता था। लोग भी भयभीत और रोज-रोज की लडाई से त्रस्त हो गये थे। एक बार अग्रोहा में बड़ी भीषण आग लगी। उस पर किसी भी तरह काबू ना पाया जा सका। उस अग्निकांड से हजारों लोग बेघरबार हो गये और जीविका की तलाश में भारत के विभिन्न प्रदेशों में जा बसे। पर उन्होंने अपनी पहचान नहीं छोडी। वे सब आज भी अग्रवाल ही कहलवाना पसंद करते हैं और उसी 18 गोत्रों से अपनी पहचान बनाए हुए हैं। आज भी वे सब महाराज अग्रसेन द्वारा निर्देशित मार्ग का अनुसरण कर समाज की सेवा में लगे हुए हैं। एक सर्वे के अनुसार, देश की कुल इनकम टैक्स का 24 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अग्रसेन के वंशजों का हैं। कुल सामाजिक एवं धार्मिक दान में 62 प्रतिशत हिस्सा अग्रवंशियों का है। देश की कुल जनसंख्या का मात्र एक प्रतिशत अग्रवंशज है, लेकिन देश के कुल विकास में उनका 25 प्रतिशत सहयोग रहता है। बावजूद इसके देश की सरकारों ने उस महामानव एवं महान् शासक की स्मृति में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं किये हैं, यह देश की सबसे समृद्ध, बौद्धिक एवं क्रियाशील कौम के प्रति पक्षपात ही कहा जायेगा। कभी किसी अवसर पर डाक टिकट का जारी हो जाना या किसी विशेष तेल वाहक पोत (जहाज) का नाम महाराजा अग्रसेन रखा जाना बहुत नगण्य कार्य हैं। उस महामानव को राष्ट्र की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब देश की बड़ी जन-कल्याणकारी योजनाएं उस महान शासक के नाम पर हो, किसी एक महत्वपूर्ण ट्रेन का नाम अग्रसेन एक्सप्रेस रखा जाये। राजधानी दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों की राजधानियों में मुख्य मार्गों के नाम भी अग्रसेन मार्ग रखे जाये।

# संकट में सोयाबीन

- आदित्य सिंह

**दलहन की इस** अहम फसल को लेकर किसान कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सबसे पहली परेशानी है कि सोयाबीन की लागत और मंडी में मिल रहे भाव में लगातार बढ़ रहा अंतर और दूसरी परेशानी है, सोयाबीन की उपज में लग रहे कीट जो उत्पादन को लगातार प्रभावित कर रहे हैं।

उन्नीसवीं सदी में चीन से जब सोयाबीन के बीज भारत आए तो उन्हें सबसे पहले मध्यप्रदेश की जमीन पर लगाया गया और देखते-ही-देखते यहां के किसानों ने सोयाबीन को अपना लिया। सबसे ज्यादा पैदावार के कारण राज्य को 'सोया-प्रदेश' पुकारा जाने लगा, लेकिन आज इसी मध्यप्रदेश में कई किसान इसे छोड़ने तक की बात करने लगे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि सोयाबीन के भाव आज भी दस साल पुराने हैं। कई इलाकों में किसान सोयाबीन की अपनी फसल को उखाड़ रहे हैं। वे अब सोयाबीन के अगले सीजन का इंतजार भी नहीं करना चाहते, क्योंकि उन्हें पिछले साल की फसल के दाम भी 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (एमएसपी) से करीब डेढ़ हजार रुपए कम मिल रहे हैं।

दलहन की इस अहम फसल को लेकर किसान कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सबसे पहली परेशानी है कि सोयाबीन की लागत और मंडी में मिल रहे भाव में लगातार बढ़ रहा अंतर और दूसरी परेशानी है, सोयाबीन की उपज में लग रहे कीट जो उत्पादन को लगातार प्रभावित कर रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में सोयाबीन का उत्पादन गिरा है। इसकी वजह मौसमी बदलाव, कम जागरुकता और घटिया बीज-खाद-दवाएं भी हैं।

इंदौर जिले के गवलीपलासिया गांव के किसान रुपनारायण पाटीदार ने अपनी 13 बीघा जमीन पर लगी सोयाबीन की फसल पिछले दिनों उखाडकर फेंक दी। वे कहते हैं कि बीते साल भी सोयाबीन का अच्छा भाव नहीं मिला था और उन्हें इस बार अपनी फसल से बहुत उम्मीद थी, लेकिन इस बार कमजोर बीज और खराब मौसम ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सोयाबीन के पौधे काफी बढ़े, लेकिन इनमें फल्लियां नहीं आईं।

इसी तरह मंदसौर जिले के गरोठ तहसील में रहने वाले किसान कमलेश पाटीदार ने भी अपनी दस बीघा जमीन में लगी सोयाबीन पर ट्रैक्टर चला दिया। उन्होंने अपनी डेढ़ क्विंटल सोयाबीन पिछले दिनों मंडी में बेची तो दाम केवल 3800 रुपए प्रति क्विटल ही मिले। वे दाम बढ़ने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में फसल को तैयार करके मंडी तक ले जाने में काफी खर्च आता और यह खर्च उनकी लागत को नहीं पाट सकता था।



मध्यप्रदेश में सोयाबीन की खेती पचास लाख हैक्टेयर से अधिक जमीन पर की जाती है, लेकिन ज्यादातर इलाकों से किसानों की परेशानी की खबरें आ रही हैं। प्रदेश के तकरीबन सभी हिस्सों में 'पीला मोजेक' रोग सोयाबीन के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है। इसके अलावा पिछले दिनों हुई अनियमित बारिश भी फसल के लिए प्रतिकूल साबित हुई है। इसके चलते फसल में कीट लगे हैं जो फू ल को काफी पहले गिरा देते हैं। किसानों के मुताबिक खेतों में फसल तो खड़ी नजर आ रही है, लेकिन यह बांझ फसल है जो किसी तरह से उनके काम की नहीं है।

सोयाबीन के कम दाम को लेकर किसानों की नाराजगी को गलत नहीं कहा जा सकता। साल 2014 में मंडियों में सोयाबीन अधिकतम 4400 रुपए प्रति च्विंटल के दाम पर बिक रहा था और आज की स्थिति में मध्यप्रदेश की ज्यादातर मंडियों में सोयाबीन के भाव 3400 से 4400 रुपए प्रति क्विटल के बीच झूल रहे हैं। ऐसे में यह तथ्य भी दिलचस्प है कि केंद्र सरकार ने 'खरीफ विपणन सत्र 2024-25' के लिए सोयाबीन का 'एमएसपी' 4,892 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है, यानी राज्य के किसान 'एमएसपी' से काफी कम दाम पर सोयाबीन बेचने को मजबूर हैं।

एक बीघा में तीन से चार क्विंटल उत्पादन ही होता है। ऐसे में एक क्विंटल सोयाबीन के लिए फिलहाल मिल रहे दाम (3500 रुपए प्रति क्विंटल) अधिकतम 14,000 रुपए ही बनते हैं। ऐसे में चार महीने की इस फसल में किसान अपनी लागत ही बड़ी मुश्किल से निकाल पाता है। वहीं अगर फसल पर मौसम या रोग की मार पड़ जाए तो लागत भी मारी जाती है, जैसा कि इस साल किसानों के साथ हो रहा है।

विशेषज्ञ इस बात से इंकार नहीं करते कि सोयाबीन के दाम कम हैं, लेकिन वे उम्मीद जता रहे हैं कि आने वाले महीनों में इसके दाम बढ़ने वाले हैं। इनके मुताबिक सोयाबीन के दाम अंतरराष्ट्रीय बाजार से तय होते हैं। 'मध्यप्रदेश ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन' के सदस्य लाल साहब जाट कहते हैं कि सोयाबीन के भाव अंतरराष्ट्रीय बाजार और 'खली' (पशु खाद्य) की मांग के आधार पर तय होते हैं। अगर किसान सोयाबीन की बुवाई के बाद उसे उखाड़ रहे हैं, तो यह गलत है। नवंबर और दिसंबर में सोयाबीन के रेट फिर से बढ़ सकते हैं।

बाजार की समझ रखने वाले इन विशेषज्ञों की राय से उलट, किसान की स्थिति तय करती है कि वे सोयाबीन को अच्छे दाम के इंतजार में संजोकर रख सकते हैं या नहीं। इस बारे में धार जिले के ही एक किसान गोपाल यादव बताते हैं कि सोयाबीन को लंबे समय तक स्टोर करना अब घाटे का सौदा हो गया है। पिछले दो सालों से सोयाबीन को संभालकर रखने के बावजूद, इसके भाव में कोई वृद्धि नहीं हुई है।

मौसम की मार, कम दाम के अलावा सोयाबीन के किसान और भी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। इनमें एक समस्या सोयाबीन के उत्पादन में आ रही कमी है। कांग्रेस के किसान प्रकोष्ठ के अध्यक्ष केदार सिरोही कहते हैं कि मध्यप्रदेश में कम गुणवत्ता वाले बीज और खाद, फसलों में होने वाले घाटे का प्रमुख कारण हैं। प्रदेश में हर साल केवल इस समस्या की वजह से कृषि अर्थव्यवस्था को करीब 15 हजार करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान होता है।

धार जिले के किसान राहुल भाकर के अनुसार सरकारी नीतियों के चलते विदेशों से तेल का आयात किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। भारत सरकार ने पाम ऑयल के आयात पर शुल्क हटा दिया है, जिसका असर सोयाबीन खाद्य तेल उद्योग पर नकारात्मक रूप से पड़ा है। पाम ऑयल की अधिक उपलब्धता और सोयाबीन जैसे खाद्य तेलों में इसके मिश्रण का बढ़ता उपयोग भारत में सोयाबीन की खपत को प्रभावित कर रहा है।

कृषि-नीति विशेषज्ञ देविंदर शर्मा ने कहा कि सोयाबीन के दाम मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के 'कॅमोडिटी एक्सचेंज' पर निर्भर करते हैं। वहां अगर दाम गिरते हैं तो भारत में भी गिरावट होती है। यह उतार-चढ़ाव किसानों के लिए संकट पैदा कर रहा है, खासकर जब सोयाबीन का दाम बारह साल पहले के स्तर पर वापस आ गया है। किसानों को सही दाम न मिलने की समस्या केवल भारतीय नहीं, बल्कि वैश्विक है।

शर्मा ने कहा कि किसानों को अपनी उपज का दस प्रतिशत कम करना चाहिए, ताकि मांग बढ़ सके। सरकारें अतिरिक्त उत्पादन की होड़ में हैं, जिससे इंडस्ट्री को फायदा होता है, लेकिन किसानों को नहीं। खाद्य-तेल के आयात पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय भारत इसमें आत्मनिर्भर था, लेकिन अब वह दूसरे सबसे बड़े आयातक के रूप में उभरा है।

सोयाबीन किसानों की समस्याओं को लेकर मध्यप्रदेश के कृषिमंत्री एंदल सिंह कंसाना कहते हैं कि यह जानकारी गलत है कि किसान सोयाबीन को उखाड़कर फेंक रहे हैं। मैं अधिकारियों के पूरे संपर्क में हूं और इसकी एक भी खबर मेरे पास नहीं आई है। दूसरी तरफ, 'भाजपा' के ही 'किसान मोर्चा' के प्रदेश अध्यक्ष और नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी कहते हैं कि किसानों की समस्याओं के बारे में उन्हें जानकारी है और वे इसे हल करने के हर संभव प्रयास करेंगे।

# महात्मा गांधी की समाज व्यवस्था का आधार है धर्मनिरपेक्षता

- एल.एस. हरदेनिया

**गांधी जी** के अनुसार, आजाद भारत में पुलिस व सेना पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए। उसका मुख्य कर्तव्य देश में शांति और भाईचारा स्थापित करना होना चाहिए। उन्हें गरीबों और असहायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें हमेशा अल्पसंख्यकों और दलितों के अधिकारों का संरक्षण करना चाहिए। स्वयं पुलिस व सेना के भीतर जाति तथा धर्म के आधार पर विभाजन नहीं होना चाहिए।

इस समय सम्पूर्ण देश में इस बात पर बहस जारी है कि सेक्युलरिज्म (धर्मनिरपेक्षता) भारतीय मूल्य है या यूरोपीय है। इस बात पर बहस तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा प्रारंभ की गयी है। परंतु जिस धर्मनिरपेक्षता को हम मानते हैं, जिसे इस देश की बहुसंख्यक जनता मानती है वह पूरी तरह से भारतीय है। हम धर्मनिरपेक्षता की उस परिभाषा को मानते हैं जो बापू ने की है। उनका धर्मनिरपेक्षता या सेक्युलरिज्म के प्रति जो विचार था वही हमारा विचार है।

गांधी जी की नजर में धर्मनिरपेक्षता क्या है? उन्होंने अनेक अवसरों पर इसकी परिभाषा की थी। हमारा तमिलनाडु के राज्यपाल से अनुरोध है कि वे भी गांधीजी द्वारा परिभाषित धर्मनिरपेक्षता को स्वीकार करें।

धर्मनिरपेक्षता ही थी गांधीजी की समाज व्यवस्था का आधार। उनसे एक विदेशी पत्रकार ने पूछा कि "यह कैसे हो सकता है कि आप धार्मिक भी हैं और धर्मनिरपेक्ष भी।' उनका उत्तर था "हां मैं धार्मिक हूं और धर्मनिरपेक्ष भी। मेरी मेरे सनातन धर्म में अगाध आस्था है। यदि कोई मेरी आस्था पर हमला करेगा तो मैं अपने धर्म की रक्षा करते हुए अपनी जान भी दे दूंगा। परंतु मेरे पड़ोस में किसी अन्य धर्म का पालन करने वाला परिवार रहता है और उसकी आस्था पर कोई हमला करता है तो मैं उसकी रक्षा करते हुए भी अपनी जान दे सकता हूं"। यह है गांधी जी की धर्मनिरपेक्षता अर्थात भारत की धर्मनिरपेक्षता।

इस समय हमारे देश में धर्म के आधार पर प्रायः संघर्ष की स्थिति निर्मित हो जाती है। परंतु ऐसी स्थिति में हम तटस्थ हो जाते हैं और मूकदर्शक बनकर खून-खराबा होने देते हैं। यहां तक कि हमारी पुलिस



भी तमाशबीन बन जाती है। पिछले 70 वर्षों में हमारे देश में धार्मिक वैमनस्य के कारण हुए दंगों से देश काफी कमजोर हुआ है। गांधीजी ने साम्प्रदायिक दंगों को रोकने के लिए मैदानी संघर्ष किया। नौआखली और दिल्ली के दंगों के दौरान उनकी भूमिका इतिहास का हिस्सा बन गयी। धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षाऔर विकास गांधीजी की धर्मनिरपेक्षता का अभिन्न अंग था। एक अवसर पर गांधीजी ने कहा था, "यदि आजाद भारत में अल्पसंख्यक, दलित और स्त्रियां अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं करेंगीं तो वह भारत मेरे सपनों का भारत नहीं होगा। मेरे भारत में छुआछूत नहीं होगी। मेरे भारत में सभी को अपने धर्म का पालनकरने का पूरा अधिकार होगा। मेरे भारत के नागरिकों को कोई यह आदेश नहीं देगा कि वह क्या खाये और क्या न खाये, क्या पहने और क्या न पहने। मेरे भारत की सरकार सभी धर्मों के अनुयायियों को बराबर सुरक्षा देगी और किसी एक धर्म को संरक्षण प्रदान नहीं करेगी।'

गांधीजी की इच्छा थी कि भारत सही अर्थों में एक लोकतंत्र बने। उनकी मान्यता थी कि लोकतंत्र में ही धर्मनिरपेक्ष समाज का अस्तित्व हो सकता है। उनके लोकतंत्र में ऐसी राजनीतिक पार्टियों का कोई स्थान नहीं होगा जो संकुचित हों, निहित स्वार्थों को बढ़ावा दें, जो सिर्फ पैसे की ताकत से सत्ता पर कब्जा करें और जो षड़यंत्र करके सत्ता हथियाएं।

लोकतंत्रात्मक समाज में पुलिस और सेना की क्या भूमिका होगी इसके बारे में गांधीजी के स्पष्ट विचार थे। गांधी जी के अनुसार, आजाद भारत में पुलिस व सेना पूरी तरह से निष्पक्ष होनी चाहिए। उसका मुख्य कर्तव्य देश में शांति और भाईचारा स्थापित करना होना चाहिए। उन्हें गरीबों और असहायों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें हमेशा अल्पसंख्यकों और दलितों के अधिकारों का संरक्षण करना चाहिए। स्वयं पुलिस व सेना के भीतर जाति तथा धर्म के आधार पर विभाजन नहीं होना चाहिए।

गांधी जी का कहना था कि "धार्मिक समरसता के साथ-साथ सभी के सिर पर छांव, सभी को भोजन, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा मिलनी चाहिए। सभी को सुलभता से न्याय प्राप्त होना चाहिए। सभी के बीच सीमेंट के समान एकता रहनी चाहिए। मैं स्वयं इस एकता के लिए सीमेंट की भूमिका अदा करने को तैयार हूं। इस एकता के लिए मैं अपना खून भी दे सकता हूं।' फिर गांधी जी ने ऐसा किया भी। नाथूराम गोडसे गांधीजी के इन्हीं विचारों से नाराज था और इसी के चलते उसने बापू की हत्या की और बापू ने यह सिद्ध कर दिया कि उन्होंने इस समरसता को कायम रखने के लिए सीमेंट का काम किया।

जान ब्रिले, जिन्होंने 'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि लिखी थी, से पूछा गया कि आपने'गांधी' फिल्म की पांडुलिपि क्यों लिखी? उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि "मुझे गांधीजी के अभूतपूर्व साहस, उनकी नम्रता, उनकी प्रतिबद्धता, सहनशीलता, उनकी दूसरों को अपनी ओर आकर्षित करने की चुंबकीय शक्ति, जिस शक्ति से गांधीजी विभिन्न संस्कृतियों के जीते-जागते प्रतीक जवाहर लाल नेहरू और हठ की हद तक दृढ़ निश्चयी और रूखे व्यक्तित्व के धनी सरदार पटेल को अपनी ओर आकर्षित कर सके। उनमें अद्भुत संगठन क्षमता थी, इसी क्षमता के बलबूते उन्होंने कांग्रेस को, जो शुरू में एक क्लब था, एक ताकतवर संगठन बना दिया। विरोध प्रकट करने के वे ऐसे तरीके निकालते थे।

## गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेसियों ने निकाली प्रभातफेरी

### देश में लोकतंत्र संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नगर पालिका के वार्ड-8 ट्रांसपोर्ट नगर में निहाई माता मंदिर से अंबेडकर जी के चबूतरा तक प्रभातफेरी निकाली गई। वहां उनकी मूर्ति पर माला पहनकर प्रभातफेरी के समापन बाद गोष्ठी की गई।

बुधवार को सर्वप्रथम बापूजी व शास्त्री के चित्र पर कांग्रेसियों ने



प्रभातफेरी निकालते कांग्रेसी।

माला पहनाकर याद किया। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि बापूजी ने देश को आजादी दिलाने को असहयोग आंदोलन नमक आंदोलन से देश को आजादी दिलाने के लिए कार्य किया था। सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजाद कराया। उनके योगदान को कभी बुलाया नहीं जा सकता। शपथ लें कि बापूजी के बताये मार्ग पर चलकर देश में लोकतंत्र संविधान की रक्षा करना है। कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने का काम करना है। शास्त्री ने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश की प्रगति के लिए काम किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, जिला महासचिव कालीचरण राजपूत, सेवादल अध्यक्ष चुनबाद प्रसाद, किसान कांग्रेस अध्यक्ष राजेश सिंह, शिवगुलाम वर्मा, तीरथ सिंह, जिला सचिव यमुना शुक्ला, भगवानदीन समदरिया, महेंद्र सिंह, अरुण गुप्ता, भोला सिंह, अरुण सिंह, वीरेंद्र सिंह, नवनीत सिंह, मानवेंद्र सिंह, जग जाहिर पटेल समेत मौजूद रहे।

## एसपी ने अमावस्या मेला में भ्रमण कर जांची सुरक्षा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पितृ विसर्जनी अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने को मेला क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने मेला सुरक्षा में लगे सुरक्षा अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश दिये कि मुस्तैद होकर ड्यूटी करें। श्रद्धालुओं के साथ विन्रम व्यवहार करें। किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। भ्रमण दौरान सीओ मऊ जयकरन सिंह, सीओ प्रशिक्षु फहद अली, सहायक चकबन्दी अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव, चैकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता व पीओरओ प्रवीण सिंह मौजूद रहे।

## रामचरित्र ही भक्ति का है मार्ग

### रामलीला का मंचन देख दर्शन हुए भाव-विभोर

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** तुलसी जन्मस्थली राजापुर की तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी ने राम चरित्र रामलीला के तीसरे दिन भगवान राम के प्रकटोत्सव की लीला का सुंदर मंचन किया। दर्शक भाव-विभोर होकर जय श्रीराम के जयघोष से पूरे पंडाल को राममय कर दिया।

बुधवार को भगवान राम के चरित्र प्रणेता गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली में तुलसीकृत प्राचीन रामलीला कमेटी प्रान्तीय स्तर के कलाकारों से रामलीला का मंचन करा रही है। कमेटी के प्रबंधक राजकुमार उपाध्याय व कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने बताया कि सन 1860 से अनवरत प्रतिवर्ष रामलीला का आयोजन हो रहा है। गांव के पूर्वजों ने 1915 में रामलीला भवन का निर्माण कराया गया था। संपूर्ण रामचरित्र में चारों शक्तियों का मिलन राम जन्म के दिन ही संयोग है। शक्ति के साथ ब्रम्ह, भक्ति के साथ साधना, धर्म के साथ भ्रातृत्व व इन तीनों शक्तियों के प्रेरणा स्रोत शत्रु हन्ता शत्रुघ्न को देख दर्शक भाव विभोर हो गए। इस मौके पर अशोक द्विवेदी, शंकरदयाल जयसवाल, प्रशांत तिवारी, अनिल त्रिपाठी, राधेश्याम सोनी, सतीश मिश्रा, दीपक जायसवाल, मन्नू सोनी आदि कमेटी के लोगों ने भगवान राम की पूजा अर्चना आरती की।

## मंदाकिनी में पांच लाख श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

### डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अश्विन मास की अमावस्या पर धार्मिक नगरी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बुधवार को लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगाई। भगवान कामदनाथ का दर्शन कर पूजा-अर्चना किये। मुख्य स्नान गुरुवार को है। श्रद्धालुओं का आना बुधवार से ही शुरू हो गया है। प्रशासन ने अनुमान लगाया कि मुख्य स्नान के दिन यह संख्या और बढ़ सकती है। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

बुधवार को यूपी-एमपी सीमा पर जगह-जगह पुलिस कर्मी तैनात



मन्दाकिनी नदी में डुबकी लगाते श्रद्धालु।।

हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। डीएम शिवशरणप्पा जीएन व एसपी अरुण कुमार सिंह ने रामघाट, लक्ष्मण झूला, खोही व कामदगिरी परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। सतना डीएम अनुराग वर्मा व एसपी आशुतोष गुप्ता ने प्रमोदवन, कामदगिरी मंदिर व गुप्त गोदावरी की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हजारों श्रद्धालु चित्रकूट पैदल यात्रा कर पहुंच रहे हैं। बस व ट्रेन सेवाओं में भारी भीड़ देखी जा रही है। तीर्थ क्षेत्र के प्रमुख मार्गों को वन-वे कर दिया गया है। भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित है। प्रशासन ने अपील किया कि श्रद्धालु संयम बनाए रखें।

## टीवी मुक्त 16 गांवों के प्रधानों को डीएम ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोह में दोनों के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज जो भारत का स्वरूप है, दोनों का महत्वपूर्ण योगदान था। उनका व्यक्तित्व बहुत बड़ा था। उन्होंने संघर्ष कर शोषितों-वंचितों के लिए अग्रणी भूमिका निभाई। महात्मा गांधी जब अफ्रीका से लौटे तो भारत के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

बुधवार को डीएम ने कलेक्टेट्रट सभागार में कहा कि महात्मा गांधी

### धूमधाम से मना गांधी-शास्त्री जन्मदिन



बैठक में निर्देश देते डीएम।

भारत के राष्ट्रपिता नहीं, बल्कि पूरा विश्व उनके आदर्शों को मानता है। कहा कि अधिकारी-कर्मचारी किसी भी गरीब व असहाय की सहायता करें। महात्मा गांधी पहले अपने जीवन में किसी कार्य करने से पहले आत्मसात करते थे। उसके बाद किसी को उपदेश देते थे। भारत सरकार जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान भी चला रही है। अपने घर, मोहल्ले व आसपास सफाई रखना होगा। डीएम ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने जय जवान जय किसान का नारा देकर देश को प्रगति की राह पर लाये। उन्होंने कहा कि इन दोनों के कार्यों का अपने जीवन में चरितार्थ करना होगा। कहा कि महात्मा गांधी पूरे विश्व में प्रसिद्ध रहे। दक्षिण अफ्रीका के नेल्सन मंडेला ने भी इनके कार्यों का अनुसरण किया। एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम ने कहा कि हम लोग हर वर्ष गांधी व लाल बहादुर शास्त्री का जन्मदिवस मानते हैं। ये महापुरुष केवल महापुरुष ही नहीं, देश का भविष्य लिखने वाले थे। इसीलिए इन्हें बापू की उपाधि मिली है।

गांधी व शास्त्री के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीवी मुक्त गांव के प्रधानों को सम्मानित किया। इसमें कमला देवी, सुधा त्रिपाठी, शशि देवी, राम सिंह, निर्मला देवी, प्रतिभा पांडे आदि 16 गांवों के प्रधानों को गांधी की कांस्य रंग की मूर्ति व प्रशस्ति पत्र तथा साल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह, डब्ल्यूएचओ मंडली सलाहकार डॉ पवन पालीवाल, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ दयाशंकर, अरुण कुमार शुक्ला, अवध नारायण आदि मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं के आयुष्मान कार्ड बनवाने की मांग

**अखंड भारत संदेश**



जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड।

**चित्रकूट।** एडवोकेट काउंसिल ऑफ इंडिया के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय एड ने शासन से आर्थिक रूप से कमजोर अधिवक्ताओं को आयुष्मान कार्ड की सुविधा देने की मांग की है। बुधवार को उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर अधिवक्ता अपने व परिवार की चिकित्सा व्यवस्था न कर पाने में असहज-मायूस हो जाता है। इससे बीमार परिजन को बचा पाना मुश्किल हो जाता है। शासन से उक्त प्रकरण में अविलंब कार्यवाही की मांग की है। कहा कि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भेंटकर जल्द कार्यवाही की मांग करेंगे।

## दस सफाई मित्रों को स्वच्छ घर बाबत किया सम्मानित, दी किट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी व लाल बहादुर के जन्म दिवस पर स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में दीप प्रज्वलित कर लाल बहादुर शास्त्री व महात्मा गांधी के चित्रों पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। डीएम ने छात्रों से कहा कि पढ़ाई के साथ पर्सनालिटी, फिजिकल मेंटालिटी पर भी फोकस करें।

बुधवार को डीएम ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्राचार्य से कहा कि कोई समस्या होने पर बतायें। कहा कि छात्र अपने माता-पिता व





सफाई मित्रों को सम्मानित करते डीएम-एसपी।

आसपास के लोगों को सफाई कर कचरे को डस्टबिन में फेंकने को बतायें। सिक्किम में प्लास्टिक पर पाबंदी है। यहां भी प्लास्टिक का प्रयोग न करें। प्रतिवर्ष सौ दिन का श्रमदान करना चाहिए। शास्त्री जी के सत्ता में रहकर समाज के लिए सराहनीय कार्य किया। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जन्म दिवस के मौके पर ये कार्य हो रहा है। कहा कि गांधी ने बिना गोली बारूद के आजादी दिलाई, बच्चों को शिक्षा लेनी चाहिए। आज का दिन बहुत ही सौभाग्य दिन है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने स्वच्छता की शपथ दिलाई। सफाई मित्र राजेंद्र कुमार, मनोज कुमार, संतोषी देवी, लक्ष्मी देवी, रोहित कुमार, सोनू, रंजीत, सोहन मलिक आदि दस लोगों को किट व स्वच्छ घर के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीएम शिवशरणप्पा जीएन, एसपी अरुण कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम व जनप्रतिनिधियों ने झाड़ू लगाकर शुभारंभ किया।



विधायक को सम्मानित करते प्रधानाचार्य।

## खेलकूद से शरीर नहीं, मस्तिष्क का भी होता विकासः अविनाशचन्द्र

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ क्षेत्र के खंडेहा गांव के महर्षि बाल्मीकि इंटरमीडिएट कालेज में आयोजित तीन दिवसीय 26वां क्षेत्रीय बालक/बालिका खेलकूद समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मऊ- मानिकपुर विधायक अविनाश चंद द्विवेदी रहे। बुधवार को प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अविनाश चंद्र द्विवेदी छात्र-छात्राओं से कहा कि खेलकूद जीवन का एक अहम हिस्सा है। खेलकूद से शरीर का ही नहीं, मस्तिष्क का भी विकास होता है। सभी अभिभावकों को खेलकूद के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। कॉलेज प्रधानाचार्य व प्रतियोगिता संयोजक राजेश सिंह ने कहा कि मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी की मौजूदगी में बच्चों में उत्साह का संचार हुआ है। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक संत कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य भोलानाथ सिंह आदि शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

## सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में हुई खेलकूद शैक्षिक गतिविधि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल में स्वच्छता ही जीवन बाबत छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम खेलकूद शैक्षिक गतिविधियों का संचालन हुआ। बुधवार को विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। एक वृक्ष मां के नाम पर प्रधानाचार्य श्रीमती नीतू वर्मा, संतोष कुमार यादव, कामता प्रसाद व सभी कर्मचारियों ने वृक्षारोपण किया। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में भ्रमण किया। जहां पर बच्चों ने स्वच्छता की शपथ ली। डॉ उदय प्रताप सिंह अधीक्षक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी व डॉ सुधीर सिंह ने स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता पर सारगर्भित भाषण पेश किया। इससे विद्यार्थियों में जागरुकता उत्पन्न हुई।

## सडक सुरक्षा प्रचार रथ को हरीझंडी दिखाकर किया शुभारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

### दो से 16 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

**चित्रकूट।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी ने बताया कि सड़क सुरक्षा परखवाड़ा दो से 16 अक्टूबर तक व गांधी-शास्त्री जयन्ती के मौके पर डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की अध्यक्षता में न्यू बस स्टैण्ड बेड़ीपुलिया में प्रचार रथ को हरीझंडी दिखाकर शुभारम्भ किया।

बुधवार को डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। कार्यक्रम में आम जनता को सड़क सुरक्षा के पम्पलेट बांटे। यातायात नियमो के बारे में जानकारी दी। सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा, हर सफर सुरक्षित सफर की अवधारणा को चरितार्थ किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, कमल आर्य, शैलेन्द्र सिंह, प्रेमलाल, कमलेश कुमार, मो असलम, मुनेन्द्र तिवारी, अजय कुमार, रंजीत दिवाकर, अरुण पाण्डेय, अंकित सिंह, शशांक पाण्डेय, टैम्पो/टैक्सी यूनियन पदाधिकारी व बस चालक आदि मौजूद रहे।

## दुर्गा पंडालों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, फूहड़ गाने बजाने पर होगी कार्रवाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नवरात्रि, दशहरा व अमावस्या पर्व को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने की।

बुधवार को बैठक में अधिकारियों ने त्योहारों दौरान शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कानून व्यवस्था व जनसुविधाओं पर चर्चा हुई। डीएम ने बिजली व जलापूर्ति बाबत अधिकारियों को निर्देश दिये कि त्योहारों दौरान किसी भी प्रकार की बाधा न आए। बिजली विभाग से कहा कि कहीं तार लटकी हैं तो तुरंत ठीक करायें। जल विभाग को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में टैंकरों से जलापूर्ति की व्यवस्था को निर्देश दिये। सफाई व कूड़े के निस्तारण पर भी विशेष ध्यान देने को कहा। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सुरक्षा के मद्देनजर बड़े पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की सलाह दी। महिलाओं, बच्चों व पुरुषों को अलग-अलग लाइन की व्यवस्था करने की बात कही। मूर्ति विसर्जन दौरान साउंड सिस्टम की सीमा का पालन कर फूहड़ गाने न बजाने को आयोजकों को निर्देश दिये। बैठक में मौजूद अधिकारियों ने सभी धर्मगुरुओं व क्षेत्रीय प्रतिनिधियों से अपील किया कि वे इन त्योहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे से मनायें। किसी भी प्रकार की समस्या या विवाद की स्थिति में प्रशासन को सूचित करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, विद्युत विभाग, जल निगम, जिला पंचायत अधिकारी समेत कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी और पीस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर, एक की मौत, दूसरा घायल

### मैहर दर्शन को निकले थे दोनों युवक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** झूरी नदी के पास एक दर्दनाक हादसा हो गया। दो लोग जो मैहर माता के दर्शन को जा रहे थे। अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। बताया कि आदर्श यादव व अशोक कोरी जो बांदा के निवासी हैं चित्रकूट से मैहर जा रहे थे। झूरी नदी के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरबाइक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में आदर्श यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अशोक कोरी को मामूली चोट आई हैं। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घायल अशोक कोरी को एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। मृतक आदर्श यादव के शव को पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा है। आदर्श यादव व अशोक कोरी नकटा पुरवा उदयपुरा के निवासी हैं। वे माता मैहर के दर्शन के लिए निकले थे। थाना प्रभारी ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ये टक्कर आमने-सामने हुई है। दोनों व्यक्तियों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## एसडीएम ने स्वच्छता महाअभियान में किया श्रमदान

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** स्वच्छता श्रमदान पखवारे के तहत एसडीएम राजापुर व महिलाओं की टीम ने नगर के मलिन बस्तियों समेत देवालयों, विद्यालयों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कंपोजिट विद्यालय राजापुर में एसडीएम ने छोटे-छोटे बच्चों को साफ-सफाई व स्वच्छता बाबत जानकारी दी।

बुधवार को स्वच्छ भारत सुन्दर भारत की परिकल्पना के तहत स्वच्छता, श्रमदान पर एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने कहा कि मानव समाज को स्वच्छता श्रमदान बहुत ही आवश्यक हैं। जिससे संचारी रोगों का प्रकोप नही होता है। हर व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने-अपने घरों व दरवाजों के सामने स्वच्छ रखें। पूरे गांव, घरों, सड़के, गलियां स्वच्छ रहे। स्वच्छता महाअभियान के प्रचार प्रसार के साथ सब लोग एकत्रित होकर साफ सफाई में लग जाये। कहा कि स्वच्छता महाअभियान को विद्यालयों में छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को



सफाई करती महिलायें।

जागरूक करने की आवश्यकता हैं। कस्बा समेत ग्रामीण क्षेत्र के सुरसेन गांव में समाजसेवी सत्यवीर सिंह की अगवाई में सफाई महा अभियान चलाया गया। सफाई कर्मियों ने नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र के 15 वार्डो में वार्ड मेम्बरों की अगुवाई में स्वच्छता महाअभियान के तहत साफ सफाई का कार्य कराया है। इस मौके पर सतीश चन्द्र मिश्रा, राकेश नामदेव, तारिणी शुक्ला, चमन रैकवार, रमन मोदनवाल, भगवान दास सोनकर, मोनू सोनकर, राहुल चैरसिया, अमित सोनी, पवन तिवारी, पुरुषोत्तम जाटव, अर्चना मिश्रा, ऊषा जयसवाल, फूलमती, वंदना सोनी, वर्षा देवी, सुधा कसौधन, स्नेहलता, हसीना बानो, स्वरूपरानी, नीतू देवी, वकीला परवीन आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने मनाई महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री की जयंती

**चित्रकूट।** पुलिस लाइन में एसपी अरुण कुमार सिंह ने महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रगान के साथ जयंती मनाई। एसपी ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह के बल पर स्वतंत्रता संग्राम का आवाहन किया। पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा बने। वहीं, लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान के नारे के साथ देश की सेवा की। बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों से अपील किया कि वे महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों का पालन करें।

## सपाइयों ने प्रदेश अध्यक्ष का जिले की सीमा पर किया स्वागत

### गांधी-शास्त्री की मनाई जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में गांधी व शास्त्री की जयंती मनाकर गोष्ठी की।

बुधवार को सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के जिले आगमन पर पार्टी जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अगुवाई में सीमा से लेकर बांदा बार्डर तक जगह- जगह पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि सपा का कारवां यूं ही निरंतर आगे बढ़ता जायेगा। पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोश-खरोश से पीडीए को साथ लेकर आगे बढ़ने का काम कर रहा है। सपा देश की तीसरे नंबर की पार्टी बनी है। पीडीए को साथ लेकर सभी को सम्मान दिलाने का काम सपा करेगी। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर 2027 विधानसभा चुनावों में सपा की सरकार बनाकर उप्र में अन्याय के प्रतीक बुलडोजर राज का खात्मा करेगा। इसके बाद



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते सपाई।

वे सीधे महोबा कार्यक्रम में सम्मिलित होने निकल गये।सर्वप्रथम इलाहाबाद से जिले की सीमा में अरवारी मोड़ पर पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिलाल पाल, मुर्का मोड़ पर सेक्टर प्रभारी सत्येंद्र पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रमेश कोल, चंद्रबली कोल, सेक्टर प्रभारी मनोज मौर्या, अजीत पटेल, लालता रोड पर जिला उपाध्यक्ष जगदीश यादव, नफीस अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष मनीष पटेल, गजाधर निषाद, मो अयूब खां, बुधराज प्रजापति, जितेंद्र सिंह, सुबोध शुक्ला, लालापुर में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, नरेंद्र यादव जिला उपाध्यक्ष, मो गुलाब खान, सूरज पटेल, कोआपरेटिव बांदा के पूर्व अध्यक्ष लवलेश यादव, वरिष्ठ नेता सूरज पटेल, अमर पटेल लोहिया वाहनी, निजाम सिद्दीकी, जिला कोषाध्यक्ष राजा यादव, युवा नेता शीलू यादव, मनोज राजपूत समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

## चकरोड से हटवाया अवैध कब्जा, चार साल से दबंगों का था कब्जा



**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील के तिलौली गांव में चकरोड पर अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने सफलता पूर्वक पूरी की। अभियान में पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों ने अराजकतत्वों को कड़ी चेतावनी दी कि भविष्य में दोबारा कब्जा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।बुधवार को गांव के चकरोड पर पिछले चार वर्षों से दबंगों ने अवैध कब्जा किया था। ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण उदयभान पाल ने अवैध कब्जे की शिकायत की थी। तहसीलदार विजय कुमार यादव की अगुवाई में मऊ थाना प्रभारी विनोद कुमार राय, नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार, तिलौली ग्राम प्रधान और अन्य स्थानीय किसानों की मौजूदगी में चकरोड की पैमाइश कराई गई। इसके बाद टीम ने अवैध कब्जा हटाने का काम पूरा किया। रास्ता साफ कराया, जिससे गांव का आवागमन फिर से सुचारू रूप से शुरू हो गया। तहसीलदार विजय कुमार यादव ने बताया कि मऊ तहसील में अवैध कब्जों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में नियमित रूप से टीम लगाकर ऐसे मामलों पर नजर रखी जा रही है और कब्जेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह की अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## भाजपा का सदस्यता अभियान तेज, 15 तक चलेगा दूसरा सत्र

**चित्रकूट।** भाजपा की सदस्यता अभियान समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि सदस्यता अभियान का एक सत्र पूरा हो चुका है। दूसरा सत्र एक से 15 अक्टूबर तक चलेगा। सबको मंडल के प्रत्येक बूथ पर प्रवास करना है। हर घर से सम्पर्क कर सदस्यता करानी है। समाज के सभी वर्ग के लोगो को भाजपा का सदस्य बनाना है। प्रत्येक बूथ मे दो सौ सदस्य बनाने का काम करना है। बुधवार को भाजपा के सदस्यता अभियान की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक पांच अक्टूबर को सभी मंडलों पर एक साथ होगी। मंडलो मे लगे सभी मानिटिरिंग टीम मंडलो मे जाकर बूथवार सदस्यता की समीक्षा करेंगे। जिन बूथो मे सदस्यता कमजोर है, उनको पूरा करने का काम करना है। बैठक मे आलोक पांडे, राघवेन्द्र सिंह, बृजेश पांडे, जय प्रकाश पांडे, मनोज तिवारी, घनश्याम पटेल, रमाकान्त पांडे आदि मौजूद रहे।

# इजरायल पर ईरान के 200 मिसाइलों की बौछार से भड़का अमेरिका



**वाशिंगटनः अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि इजराइल पर ईरान का मिसाल हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है। ईरान ने मंगलवार रात को इजराइल को निशाना बनाकर करीब 200 मिसाइलें दागी थीं। इजराइल की सेना ने कहा कि हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय एवं आवास में बाइडन ने कहा, ह्यमेरे निर्देश पर अमेरिका की सेना ने इजराइल की रक्षा में सक्रिय रूप से सहयोग किया। हम अभी प्रभाव का आकलन कर रहे हैं, लेकिन प्राप्त सूचना के आधार पर हमला विफल और निष्प्रभावी प्रतीत होता है और यह इजराइल की सैन्य क्षमता... और इस तरह के हमलों को रोकने के संबंध में अमेरिका एवं इजराइल के बीच गहन योजना का भी प्रमाण है।

उन्होंने कहा, ह्यइसमें कोई संदेह नहीं कि अमेरिका इजराइल का पूर्ण समर्थन करता है। मैंने सुबह और दोपहर में कुछ समय ह्यसिचुएशन रूमह्न में बिताया, अपनी पूरी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की... जैसा कि मैंने बताया, राष्ट्रीय सुरक्षा टीम इजराइली अधिकारियों और समकक्षों के साथ लगातार संपर्क में है...। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अमेरिकी सेना को ईरानी हमलों के खिलाफ इजराइल की रक्षा में सहायता करने और देश को निशाना बनाने वाली मिसाइलों को मार गिराने का निर्देश दिया।

ज्यादातर मिसाइलें तबाह

अमेरिका के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन में प्रेस सचिव मेजर जनरल पैट्रिक एस. राइडर ने कहा कि अधिकांश मिसाइलों को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिया गया, हालांकि कुछ मिसाइलें लक्ष्य तक पहुंचीं और उनसे न्यूनतम क्षति पहुंची। इस हमले की निंदा करते हुए उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा, ह्यमैं इस हमले की स्पष्ट तौर पर निंदा करती हूं। मेरा स्पष्ट मानना है कि ईरान पश्चिम एशिया में अस्थिरता पैदा करने वाली, खतरनाक ताकत है और आज इजराइल पर हुआ हमला इस तथ्य को और भी पुख्ता करता है।

पांच महीने में इजरायल पर दूसरा हमला

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भी कहा कि पिछले पांच महीने में यह इजराइल पर सीधे तौर पर किया गया ईरान का दूसरा हमला है। उन्होंने कहा, ह्ययह बिल्कुल अस्वीकार्य है और पूरी दुनिया को इसकी निंदा करनी चाहिए।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने संवाददाताओं को बताया कि अमेरिकी सेना इस हमले से इजराइल की रक्षा करने के लिए इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के साथ मिलकर काम कर रही है। राइडर ने बताया कि हमले से पहले और इस दौरान अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने अपने इजराइली समकक्ष योव गैलेंट से बात की।

# तीसरे विश्व युद्ध की आहट... ईरान के हमले के बाद इजरायल के निशाने पर परमाणु साइट



**तेहरानः इजरायल** की आक्रामकता के बावजूद काफी समय से संयमित दिख रहे ईरान ने मंगलवार रात ताबड़तोड़ मिसाइल हमले किए हैं। ईरान के मिसाइल हमलों के बाद इजरायल भड़क गया है और ईरान से बदला लेने की धमकी दी है। इस बात की बहुत संभावना है कि अब इजरायल का अगला निशाना ईरान की परमाणु साइट हो सकती हैं। ये इजरायल का एक ऐसा कदम होगा, जो संघर्ष को ना सिर्फ भीषण रूप देगा बल्कि तीसरे विश्व युद्ध की तरफ भी दुनिया को ले जा सकता है।

मिरर डॉट यूके की रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल की परमाणु साइट पर हमले को ईरान अस्तित्व पर खतरे की तरह देखेगा। ईरान का परमाणु हथियार हासिल करने का सपना काफी पुराना है। ऐसे में ईरान इस तरह के हमलों के बाद पीछे नहीं हट सकेगा। इजरायल और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ने पर पश्चिम भी इसमें शामिल होगा।

यूक्रेन-रूस में पहले ही संघर्ष जारी ईरान के सहयोगी रूस, उत्तर कोरिया और चीन भी हालिया घटनाक्रम पर नजर रख हुए हैं। वहीं यूक्रेन में भी संघर्ष है, जहां रूस के सामने लड़ते यूक्रेन को पश्चिम का समर्थन है। ये सब चीजें तीसरे विश्व युद्ध की आशंका को बढ़ाती हैं। कुछ एक्सपर्ट का कहना है कि विश्व युद्ध में दुनिया पहले ही उलझी है, बस इसका रूप अलग है। इसे 'हाइब्रिड वॉर' कहते हैं जो पर्दे के पीछे भी लड़ा जाता है। इसमें गुप्त सैन्य अभियान, मिशनों को अस्थिर करना, दुष्प्रचार, चुनाव में हस्तक्षेप और हैकिंग आदि शामिल हैं।

इजरायल अपने पड़ोसियों पर हमले के पीछे तर्क दे रहा है कि वह खुद को सुरक्षित करने के लिए ऐसा कर रा है। हमास और हिजबुल्लाह से इजरायल लंबे समय से खतरा महसूस करता रहा है और इनको खत्म करना चाहता है।

# ईरान ने किया सबसे आधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल

**इस्राएल**

**इस्राएली** सेना ने बताया कि ईरान ने इस्राएल की ओर करीब 200 मिसाइल दागे हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि ईरान ने सबसे आधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया.

अरब-इस्राएल विवाद बीती रात (1 अक्टूबर) को तब और तीव्र हो गया, जब ईरान ने इस्राएल पर करीब 200 मिसाइल दागे. इस्राएल की सेना ने इस बात की पुष्टि की है. ईरान का कहना है कि यह जवाबी कार्रवाई थी क्योंकि इस्राएल ने हिजबुल्लाह और हमास के नेताओं की हत्या की थी. हिजबुल्लाह और हमास घोषित आतंकवादी संगठन हैं.

इससे पहले 1 अक्टूबर को ही इस्राएली सेना ने दक्षिणी लेबनान में 'सीमित' जमीनी हमले किए जाने की पुष्टि की. हालांकि, हिजबुल्लाह ने इस बात से इनकार किया कि इस्राएली सेना लेबनान में दाखिल हुई थी. उधर सीरिया ने बताया कि दमिश्क में एक इस्राएली हमले में कई लोगों की मौत हो गई.

समाचार एजेंसियों के अनुसार, इस्राएल के जमीनी हमले के बीच हिज्बुल्लाह भी उत्तरी इस्राएल पर हमले कर रहा है. इस्राएली सेना ने बताया कि सीमा पर बसे मेतुला और अविविम नाम के शहरों के आसपास कई मिसाइल हमले किए गए. कुछ मिसाइलों को इस्राएली डिफेंस सिस्टम ने नष्ट कर दिया और कुछ मिसाइल खुले इलाके में गिरे.

सबसे आधुनिक मिसाइलें

डीडब्ल्यू ने लंदन स्थित 'इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक स्ट्डीज' के सैन्य विशेषज्ञ फाबियन हिंत्स से ताजा ईरानी हमले के बारे में बात की. उन्होंने कहा कि यह हमला अप्रैल के हमले से अलग था.

हिंत्स ने कहा, "जो हमने देखा, वह एक बड़ा ईरानी हमला था. वीडियो में दिखाया गया है कि बैलिस्टिक मिसाइलों के कुछ हिस्सों को नहीं मार गिराया जा सका. समय के साथ ही पता चल पाएगा कि कितना नुकसान हुआ है.



हिंत्स ने यह भी कहा कि 1 अक्टूबर को हुए हमले का पैमाना अप्रैल में हुए पिछले हमले से बड़ा था. उन्होंने कहा, "दागे गए मिसाइलों के बचे हुए हिस्सों की तस्वीरों में अधिकतर खैबरशेकन या फत्ताह थे. ये इस रेंज में ईरान के सबसे आधुनिक मिसाइल हैं."

अप्रैल में बैलिस्टिक मिसाइलों के बजाय, ईरान ने मुख्य रूप से क्रूज मिसाइलें और धीमी गति वाले लंबे दूरी के ड्रोन का इस्तेमाल किया था.

हिंत्स ने डीडब्ल्यू को बताया, "इस बार उन्होंने संभवतः हमले के बारे में अग्रिम चेतावनी को कम करने और तैयारी की क्षमता को घटाने की कोशिश की."

क्षेत्रीय सुरक्षा को लेकर चिंतित ईयू

यूरोपीय संघ के विदेश मामलों के प्रवक्ता पीटर स्टानो ने ब्रसेल्स में मीडिया को बताया कि ईयू "तनाव कम करने और एक खतरनाक क्षेत्रीय युद्ध को टालने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है."

स्टानो ने कहा, "यूरोपीय संघ इस्राएल के खिलाफ ईरान के बैलिस्टिक मिसाइलों के हमलों की कड़ी निंदा करता है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं. यूरोपीय संघ इस्राएल की सुरक्षा और पूरे मध्य पूर्व की स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है." उन्होंने यह भी कहा कि ईयू "सभी संबंधित पक्षों के साथ निकट संपर्क में है और तनाव कम करने के लिए प्रयास जारी रखेगा." स्टानो ने कहा, "हमलों और प्रतिशोधों की लगातार लहरें एक बेकाबू संघर्ष को बढ़ावा दे रही हैं."

अमेरिका ने दी 'गंभीर परिणामों' की चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि हमला बहुत ज्यादा प्रभावी नहीं लग रहा था. उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, "इस वक्त हमारे पास जो जानकारी है, उसके आधार पर यह हमला विफल और अप्रभावी रहा है." इसके बावजूद, उन्होंने इसे "महत्वपूर्ण वृद्धि" करार दिया. उन्होंने कहा, "हमने स्पष्ट कर दिया है कि इस हमले के गंभीर परिणाम होंगे और हम यह सुनिश्चित करने के लिए इस्राएल के साथ काम करेंगे." हालांकि, उन्होंने इस पर ज्यादा विस्तार से बात नहीं की।

# गाजा में शरणार्थी शिविर पर इजरायली हवाई हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए

**गाजा। मंगलवार** को इजरायली हवाई हमले में गाजा पट्टी के मध्य स्थित नुसेरात शरणार्थी शिविर में तीन फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। दक्षिण गाजा के खान यूनिस में इजरायली सेना अचानक आगे बढ़ी है।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, इजरायली वायु सेना ने नुसेरात शिविर के पश्चिम में एक घर पर मिसाइल दागी। इस हवाई हमले के साथ तोपखाने से भी भारी गोलीबारी हुई, जिसमें विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाला एक स्कूल भी चपेट में आ गया।

चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि इस हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और कई घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया।



स्थानीय सूत्रों ने यह भी बताया कि इजरायली सैनिकों ने गाजा के मध्य में नेत्जारिम चौराहे पर कई फिलीस्तीनियों को घायल कर दिया। ये फिलिस्तीनी दक्षिण से उत्तर की ओर लौटने की कोशिश कर रहे थे, तभी सैनिकों ने उन पर गोली चला दी।

इजरायली सेना ने कहा कि उन्होंने गाजा के मध्य में कई संदिग्ध लोगों को देखा जो सैनिकों के लिए खतरा बने हुए थे। इसलिए उन्होंने गोलीबारी की, जिससे कई लोग घायल हो गए, हालांकि इजरायली सैनिकों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

खान यूनिस में चश्मदीदों ने बताया कि इजरायली सेना अचानक भारी गोलीबारी के बीच किजान अन-नज्जार इलाके में आगे बढ़ी। इसके कारण सैकड़ों फिलिस्तीनी परिवार वहां फंस गए। तोपों और गोलियों की आवाज के बीच लोग घायल हुए। कई लोग इस अचानक हुई कार्रवाई से अपनी जान बचाने के लिए भागने लगे।

# इजरायल के वो तीन दोस्त जिन्होंने ईरान के हमले से बचाया, मिसाइल अटैक को किया नाकाम

**तेल अवीवः ईरान** ने मंगलवार को इजरायल पर 200 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलों से भीषण हमला किया। इजरायल के हमले के साथ-साथ एक बार फिर पूरी दुनिया का ध्यान इजरायल के उन दोस्तों पर गया, जो हर बार उसे बचाते रहते हैं। ये दोस्त इजरायल के डिफेंस सिस्टम हैं। ये इजरायल को रॉकेट, क्रूज मिसाइल और वायुमंडल के ऊपर उड़ने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों के हमले से बचाते हैं। इजरायल का आयरन डोन मिसाइल डिफेंस सिस्टम सबसे ज्यादा मशहूर है, जिसके बारे में लोगों ने सुना है।



लेकिन इजरायल के पास इससे भी घातक हथियार हैं, जो मिसाइलों को हवा में उड़ा देते हैं। हर मिसाइल डिफेंस सिस्टम रॉकेट के खिलाफ चलते हैं। आयरन डोम सिस्टम का इस्तेमाल हिजबुल्लाह और हमास दोनों की ओर से इजरायल पर दागे गए रॉकेट को मारने के लिए किया जाता है। इन रॉकेट में विस्फोटक होते हैं जो अंधाधुंध हमले करते हैं। इनमें किसी भी तरह का गाइडेंस सिस्टम नहीं लगा होता है। पिछले साल 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर इसी तरह के रॉकेट से हमले किए थे।

आयरन डोम कैसे करता है काम

इजरायल के पास पूरे देश में आयरन डोम की 10 बैटरियां हैं। प्रत्येक बैट्री के साथ एक रडार लगा होता है, जो रॉकेट का पता लगाते हैं। कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम रॉकेट की दिशा, स्पीड और उससे होने वाले नुकसान का पता लगाते हैं। आयरन डोम सभी रॉकेट को नहीं मारता है। यह उन्हीं रॉकेट को खत्म करता है जो आबादी वाले इलाके में गिरने वाली हों।

हालांकि देश के मिसाइल रक्षा संगठन (क्टउ्ड) का कहना है कि आयरन डोम इजरायल के मिसाइल रक्षा की सबसे निचली परत है। अधिक ऊंचाई, लंबी दूरी, तेज गति से चलने वाली और सटीक निशाना लगाने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को टार्गेट करने के लिए इजरायल कई रक्षा प्रणालियों का इस्तेमाल करता है।

इजरायल के वो तीन दोस्त जिन्होंने ईरान के हमले से बचाया, मिसाइल अटैक को किया नाकाम, हर पल बनाकर रखते हैं रक्षा कवच

डेविड स्लिंग मिसाइल सिस्टम

इसमें डेविड स्लिंग और एरो 2 और 3 शामिल हैं। सेंटर फॉर इंटरनेशनल एंड स्ट्रैटेजिक स्टडीज (उरक्र) के मुताबिक डेविड स्लिंग की मारक क्षमता 40 से 300 किलोमीटर है। अमेरिका और इजरायल ने साथ मिलकर इसे बनाया है। यह दो चरणों वाली मिसाइल है, जिसमें कोई हथियार नहीं लगा।

यह बैलिस्टिक मिसाइलों से सीधे टकरा कर उन्हें खत्म करता है, जिस कारण इसे हिट-टू-किल के रूप में जाना जाता है।

# भारत के दुश्मन से दोस्ती बढ़ा रहा रूस, पाकिस्तान से किया व्यापार समझौता

**मॉस्कोः पाकिस्तान**-रूस व्यापार और निवेश फोरम का उद्घाटन रूसी राजधानी मॉस्को में हुआ। दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में यह महत्वपूर्ण है। इस फोरम में 60 सदस्यों वाला पाकिस्तानी व्यापार प्रतिनिधिमंडल था। पाकिस्तान के निजीकरण, निवेश और संचार बोर्ड के केंद्रीय मंत्री अब्दुल अलीम खान ने इसका नेतृत्व किया। इस मीटिंग के दौरान समझौता ज्ञापन यानी टङ्कव पर हस्ताक्षर किया गया, जिसे पाकिस्तानी मीडिया एक ऐतिहासिक डील बता रहा है। हालांकि इस टङ्कव पर हस्ताक्षर कर रूस ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज की एक मुराद पूरी कर दी है।



रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली और रूसी उद्योग और व्यापार उप मंत्री, एलेक्सी ग्रुजदेव ने फोरम का उद्घाटन किया। इसमें परिवहन मंत्री के सलाहकार एवगेनी फिडचुक सहित अन्य वरिष्ठ रूसी अधिकारी भी शामिल थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच वस्तु विनिमय व्यापार को लेकर टङ्कव पर हस्ताक्षर हुआ। वस्तु विनिमय के तहत हम एक सामान देकर दूसरा सामान खरीदते हैं। विदेशी मुद्रा भंडार की कमी और प्रतिबंधों से बचने के लिए पाकिस्तान लंबे समय से रूस से यह समझौता चाहता था। रूस की फर्म एलएलसी और दो पाकिस्तानी कंपनियों के बीच छोले, चावल, फल, आलू और दाल जैसे सामानों के आदान प्रदान पर सहमति बनी। पाकिस्तानी कंपनियों ने इस कार्यक्रम में कपड़ा, चमड़े का सामान, खेल उपकरण, दवाइयां, भोजन, कृषि उत्पाद और पर्यटन से जुड़ी प्रोडक्ट्स का प्रदर्शन किया। पाकिस्तान के साथ रूस के इस बढ़ते हुए संबंध पर भारत की भी नजर है।

भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंध काफी लंबे समय से चले आ रहे हैं और यह गहरे भी हैं। यूक्रेन युद्ध की शुरूआत के बाद से ही भारत रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है।

पाकिस्तान ने इस साल हुए एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान रूस से वस्तु विनिमय करने का आग्रह किया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# डेनमार्क में इजरायली दूतावास के बाहर धमाके, एक के बाद एक दो ब्लास्ट, जांच में जुटी पुलिस

**कोपेनहेगनः डेनमार्क** की राजधानी के कोपेनहेगन में इजरायल के दूतावास के पास धमाके हुए हैं। दूतावास के आसपास बुधवार को दो विस्फोट हुए। स्थानीय पुलिस ने धमाकों के बाद घटना की जांच शुरू कर दी है। डेनमार्क पुलिस ने बताया है कि इजरायली दूतावास के पास हुए विस्फोटों किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस टीम घटनास्थल पर है और जांच कर रही है।

डेनमार्क की पुलिस ने कहा इजरायली दूतावास के पास धमाकों के सभी संबंधों और पहलुओं की जांच की जा रही है। एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने कहा कि फिलहाल विस्फोटों की वजह का पता लगाने और घटना के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए काम किया जा रहा है। इसके लिए पुलिस टीम बनाई गई है। इजरायल की ईरान से तनातनी डेनामार्क में ये धमाके ऐसे समय हुए हैं, जब इजरायल ईरान के साथ संघर्ष में उलझा हुआ है। हालांकि डेनमार्क की घटना का ईरान के साथ संघर्ष से कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है।

# यमन के हूति विद्रोहियों ने इजरायली क्षेत्रों में ड्रोन हमले करने का किया दावा

**सना। यमन के** हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को इजरायली क्षेत्रों में ड्रोन हमले करने का दावा किया। ईरान समर्थित ग्रुप ने कहा कि हमले इजरायल के जाफा क्षेत्र और उसके बंदरगाह शहर ईलात में 'सैन्य ठिकानों' पर किए गए।

हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेई ने कहा, "हमने एक ड्रोन जाफा क्षेत्र में एक सैन्य टारगेट पर दागा और चार 'सम्मद-4' ड्रोनों से ईलात में मिलिट्री टारगेट्स को निशाना बनाया।"

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रवक्ता ने कहा कि ये हमले गाजा पट्टी में हमास और लेबनान में हिजबुल्लाह के समर्थन में किए गए। उन्होंने और हमले करने की बात कही।

नवंबर 2023 से, हूती ग्रुप इजरायल-हमास युद्ध के बीच फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर और अदन की खाड़ी में इजरायल से संबंधित जहाजों को निशाना बना रहा है।

हूती विद्रोहियों ने 'हमास और हिजबुल्लाह पर आक्रमण' समाप्त होने तक हमले जारी रखने की कसम खाई है।

बता दें हूतियों का 2014 के अंत में गृह युद्ध शुरू होने के बाद से राजधानी सना सहित उत्तरी यमन के अधिकांश हिस्से कब्जा है।

इस बीच लेनबान में एयर स्ट्राइक के साथ ही इजरायल ने अब जमीनी सैन्य कार्रवाई भी शुरू कर दी है।

इजरायली सेना ने हिजबुल्लाह के खिलाफ अपने जमीनी सैन्य अभियान को 'सीमित, स्थानीय और लक्षित' ऑपरेशन बताया है।



बीबीसी ने मंगलवार को लेबनानी अधिकारियों के हवाले से बताया कि पिछले दो सप्ताह में 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि विस्थापित लोगों की संख्या दस लाख तक हो सकती है।

हिजबुल्लाह के उप नेता नईम कासिम ने सोमवार को कहा कि उनका ग्रुप इजरायल के जमीनी हमले के लिए तैयार है और 'विजेता' बनकर उभरेगा।

23 सितंबर से, इजरायल ने लेबनान में हवाई हमले तेज कर दिए। शुक्रवार को बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में एक महत्वपूर्ण हमले में हिज्बुललाह चीफ हसन नसरल्लाह और उसके कई सहयोगी मारे गए।